# GOVERNMENT COLLEGE FOR WOMEN

## KARNAL

(A CENTRE OF EXCELLENCE
NAAC ACCREDITED B+ GRADE)

# Annual Report

## 2021-22

**DR. (MRS.) SARITA KUMAR**
H.E.S.-I
PRINCIPAL

gc_karnal_women@yahoo.com

0184-2262044

# राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, करनाल

## <u>वार्षिक रिपोर्ट</u>

## <u>सत्र 2021–22</u>

अप्रैल 1998 में अपने वर्तमान स्वरूप में आया राजकीय महिला महाविद्यालय, करनाल ब्रिटिश सरकार द्वारा निर्मित नॉरमन स्कूल के भवन में निर्मित है। वर्ष 2008 में हरियाणा सरकार ने इस महाविद्यालय का चयन ऐसे 25 महाविद्यालयों में किया जिन्हे सर्वोत्कृष्ट शिक्षा संस्थानों के रूप में विकसित किया जा रहा है। कला एवं वाणिज्य संकायों से शुरूआत करने वाला यह महाविद्यालय अब विज्ञान एवं अन्य रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की शिक्षा भी प्रदान करने लगा है तथा शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में नई ऊँचाईयों को छूकर यह क्षेत्र का एक लोकप्रिय शैक्षणिक संस्थान बन चुका है। महाविद्यालय की छात्राओं को आधुनिक व आर्थिक उदारीकरण के इस युग में अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से वर्ष 2010–11 से **B.Sc. Non-Med., B.Sc. Comp. Sc.** एवं **M.Com** के पाठ्यक्रम शुरू किए गए। सभी पाठ्यक्रमों में प्रतिवर्ष प्रवेश की निम्नतम प्रतिशत काफी ऊँची रहती है। इसके अतिरिक्त सत्र 2012–13 से छात्राओं की **English Communication Skills** सुदृढ करने हेतु **Functional Engilish** ऐच्छिक विषय के रूप में शुरू किया गया है। इसी दिशा में अंग्रेजी में स्नातक स्तर पर **Honours Degree Course** भी शुरू किया गया है ताकि अंग्रेजी भाषा में रूचि रखने वाली छात्राओं को इसका लाभ मिल सके। इसके साथ–साथ एम.एस. सी. भूगोल भी महाविद्यालय में आरम्भ हो चुकी है।

वर्तमान में महाविद्यालय में अध्ययन कक्षों की कोई कमी नहीं है। इसके साथ साथ अन्य सुविधाओं जैसे प्रयोगशालाएँ, **Faculty Rooms** आदि भी पर्याप्त संख्या मे बनाए गए है। अतः पठन–पाठन हेतु एक श्रेष्ठ वातावरण है। इसके साथ–साथ महाविद्यालय प्रांगण में अनुशासान बनाए रखने एवं बाहरी तत्वों पर निगरानी रखने के लिए C.C.T.V. कैमरे लगवाए गए हैं।

महाविद्यालय में भू–जल स्तर में सुधार एवं जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए दो **Water Harvesting Units** लगवाए गए है।

**<u>अध्ययन संकाय, विषय तथा स्टॅाफ स्थिति :–</u>**

यह महाविद्यालय एक बहु संकाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय है जिसमें स्नातक स्तर पर कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं कम्प्यूटर डिग्री पाठ्यक्रम तथा स्नातकोतर स्तर पर एम.ए. हिन्दी, एम.ए. संगीत, एम.एस.सी भूगोल तथा एम.कॉम. की शिक्षा दी जाती है। इसके अतिरिक्त **BBA, BCA** के Courses भी उपलब्ध हैं। इस सत्र में महाविद्यालय में स्नाातक कक्षाओं में **2448** तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं में **325** छात्राएं अध्ययनरत हैं। शैक्षणिक व अन्य कार्यो को सुचारू रूप से चलाने हेतु 63 नियमित **Assistant /Associate Prof.** कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त शैक्षणिक कार्यभार के वहन हेतु **Extension Lecture** के आधार पर **28** शिक्षकों की सेवाएँ ली जा रही हैं। सभी विषयों की पढ़ाई सुचारू रूप से चलाने के लिए महाविद्यालय में सुविधाजनक अध्ययन कक्ष और आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाओं का निर्माण किया गया है।

महाविद्यालय के शिक्षकों की लगन व गुणात्मक शिक्षण तथा छात्राओं के परिश्रम के फलस्वरूप महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम प्रतिशत विश्वविद्यालय के परीक्षा परिणाम प्रतिशत से सदैव बेहतर रहता है। प्रतिवर्ष महाविद्यालय की छात्राएँ विश्वविद्यालय की मैरिट लिस्ट में स्थान पाती हैं।

## <u>Proctorial Duties :-</u>

महाविद्यालय में अनुसाशन बनाए रखने एवं शैक्षणिक कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्राचार्या की देख–रेख में सभी शिक्षक अपनी–अपनी **Proctorial Duties** अत्यन्त निष्ठा एवं लगन से निभाते हैं।

## Mentor Mentees Group:-

महाविद्यालय की छात्राओं को कुल 75 **Mentor Mentees Groups** में विभाजित किया गया है। प्रत्येक **Group** का इंचार्ज एक शिक्षक/शिक्षिका को बनाया गया है, जो छात्राओं की व्यक्तिगत और शैक्षणिक समस्याओं का निदान करते हैं तथा उन्हें व्यवसाय, रोजगार, शिक्षा तथा समसामयिक विषयों सम्बन्धी जानकारी प्रदान करते हैं। **Mentor Mentees Groups** से गुरू–शिष्य सम्बन्ध भी प्रगाढ होते हैं। इस सत्र में ये कक्षाएँ नियमित रूप से डॉ0 ऊर्मिला सांगवान की देख–रेख में लगवाई जा रही हैं।

## छात्रवृत्ति एवं अन्य सहायता राशि :–

हरियाणा सरकार व विभिन्न संस्थानों से छात्राओं को शैक्षणिक क्षेत्र में प्रोत्साहन देने हेतु छात्रवृत्तियाँ और अन्य सहायता राशि प्रदान की जाती है। सत्र **2021**-22 में अनुसूचित वर्ग की छात्राओं के लिए **Consolidated Stipend scheme** के अन्तर्गत **91,28,000/-** की राशि प्राप्त हुई जो कि **652** छात्राओं में वितरित की जा चुकी है।

## अनुदान राशि :–

महाविद्यालय में बर्सर के दायित्व का निर्वहन श्री सुरेश कुमार जी अत्यन्त कुशलतापूर्वक कर रहे हैं। महाविद्यालय में सत्र **2021**-22 में हरियाणा सरकार से प्राप्त अनुदान राशियों का उपयोग नियमानुसार महाविद्यालय में विभिन्न सुविधाओं एवं **Infrastructure** के विस्तार करने एवं इन्हें समृद्ध बनाने में किया गया।

**Grants Received 2021-22**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **1.** | **Infrastructure Augmentation** | **:** | **1,20,000/-** |
| **2.** | **Lab Up Gradation** | **:** | **90,000/-** |
| **3.** | **Science Exhibition** | **:** | **25,000/-** |
| **4.** | **Earn while you Learn** | **:** | **1,00,000/-** |
| **5.** | **Placement Cell** | **:** | **34,000/-** |
| **6.** | **Sports Activity** | **:** | **50,000/-** |
| **7.** | **Library** | **:** | **55,000/-** |
| **8.** | **Women Cell** | **:** | **1,80,000/-** |

## सांस्कृतिक गतिविधियाँ :-

डा. विवेक रंगा के नेतृत्व में सांस्कृतिक गतिविधियों में महाविद्यालय की छात्राएं प्रतिवर्ष नए मानदण्ड स्थापित कर रही हैं। इस सत्र में छात्राओं ने राज्य व विश्वविद्यालय स्तरीय अनेक गतिविधियों में भाग लिया और श्रेष्ठ प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस वर्ष की सांस्कृतिक गतिविधियों का विवरण इस प्रकार हैः–

- दिनांक 29/11/2021 और 30/11/2021 को महाविद्यालय मे प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया और प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किये।
- दिनांक 14 दिसंबर 2021 को पंचायत भवन, करनाल में अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की छात्रा ''सेजल'' हरियाणवी एकल नृत्य में प्रथम स्थान पर रही।
- दिनांक 20 दिसंबर 2021 को कालिदास रंगशाला, करनाल में राज्यस्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्रा मानसी ने प्रथम स्थान, चेतना ने द्वितीय और हरियाणवी समूह नृत्य में छात्राओं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- दिनांक 2/01/2022 से 4/01/2022 तक राजकीय महाविद्यालय, इसराना, पानीपत में आयोजित राज्यस्तरीय युवा उत्सव में महाविद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और निम्न पुरस्कार प्राप्त किये।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **1.** | **Classical Instrument (Solo) NP** | **-** | **Recommended** |
| **2.** | **Group Song Haryanvi** | **-** | **Recommended** |
| **3.** | **Debate** | **-** | **Commended** |

## साहित्यिक उपलब्धियाँ :-

समय–समय पर होने वाली विभिन्न राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय एवं अंतर्महाविद्यालयीय साहित्यिक प्रतियोगिताओं में भी महाविद्यालय की छात्राएं अपनी सक्रिय भागीदारी से महाविद्यालय का गौरव बढ़ाती रहती हैं।

गतिविधियों का विवरण निम्नलिखित हैं–

- दिनांक 14/09/2021 को हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य मे भाषण एवं कवितापाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
- हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में ही राष्ट्रीय लघुकथा प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन किया गया।

## महिला प्रकोष्ठ

डा. एकता अरोड़ा के नेतृत्व में यह प्रकोष्ठ छात्राओं को शारीरिक, बौद्धिक एवं भावनात्मक रूप से सशक्त बनाते हुए उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण भी सुलभ करवाता है ताकि वे आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बन सकें। महिला सशक्तिकरण के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रकोष्ठ द्वारा वर्ष भर निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया–

- दिनांक 01/07/2021 को वनमहोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत **SMSD Govt. College** महेन्द्रगढ द्वारा आयोजित **Slogan Writing** प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया।
- दिनांक 15/07/2021 को **GGS** उन्हानी महेन्द्रगढ द्वारा आयोजित प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में छात्राओं ने भाग लिया।
- दिनांक 19/08/2021 को राजकीय महाविद्यालय, करनाल में आयोजित मेहन्दी रचाओ, ज्वैलरी मेकिंग एवं राखी मेकिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने भाग लिया तथा पुरस्कार प्राप्त किए।
- दिनांक 13/10/2021 को महिला सशक्तिकरण विषय पर **Online** प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का अन्तर्महाविद्यालय स्तर पर आयोजन किया गया।
- दिनांक 10/10/2021 को मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर **GCW** महम द्वारा आयोजित **Online Poster Making** प्रतियोगिता में छात्राओं ने भाग लिया।
- दिनांक 11/10/2021 को **World's Daughter Day** के उपलक्ष्य में **Stress and Anxiety in digital Age: The Dark side of Technology** विषय पर प्रकोष्ठ द्वारा **Online lecture** का आयोजन किया गया ।
- 23/10/2021 को मेहन्दी रचाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई।
- दिनांक 25/11/2021 को महिला विकास केन्द्र द्वारा निबन्ध लेखन, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन रायटिंग, कवितापाठ एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 16/11/2021 से 27/11/2021 तक प्रकोष्ठ द्वारा आत्मरक्षा शिविर का आयोजन किया गया।
- दिनांक 9/12/2021 को प्रकोष्ठ द्वारा जिला स्तरीय मेहन्दी रचाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई।

- दिनांक 10/12/2021 को मानवाधिकार दिवस' के उपलक्ष्य में 'महिला मानवाधिकार एवं लैंगिक समानता'' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया।
- दिनांक 20/12/2021 को ''पोषण '' विषय पर **Salad Making Salad Decoration & Rangoli Making** प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- दिनांक 27/12/2021 से 03/01/2022 तक 'कुकिंग एण्ड बेकिंग वर्कशॉप' का आयोजन किया गया।
- दिनांक 28/12/2021 से 04/01/2022 तक **Beauty Hair & Skin Care** विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई।
- दिनांक 3/01/2022 को **"Innovation Cooking"** विषय पर **Online** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 04/01/2022 को **Hair Do & Saree Draping Competition** का आयोजन हुआ।
- दिनांक 18/01/2022 को **Cooking with Chemistry** विषय पर **Seminar** आयोजित हुआ।
- दिनांक 21/01/22 को **'Healty Eating & Lifestyle'** विषय पर एक दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- दिनांक 24/01/2022 को विश्व **Daughter's Day** के अवसर पर **"Women Who Inspired Generation and Beyond"** शीर्षक से Fancy Dress प्रतियोगिता आयोजित की गई।
- दिनांक 25/01/2022 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राज्यस्तरीय **Power Point Presentation Competition** का आयोजन किया गया।
- दिनांक 25/01/2022 से 03/02/2022 पर्यन्त **Art & Craft** कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- दिनांक 14/02/2022 को **Art & Craft Competition Cum Sale** विषय पर **Exhibition Cum Sale** का आयोजन हुआ।
- दिनांक 13/02/22 को राष्ट्रीय **Digital Art Competition** का आयोजन किया गया।
- फरवरी 2022 में राज्यस्तरीय **Poster Making & Slogan Writing** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## विधिसाक्षरता प्रकोष्ठ

- दिनांक 23/11/21 को ''अपराजिता'' कार्यक्रम के अर्न्तगत समूह परिचर्चा आयोजित हुई।
- दिनांक 20/02/2022 को **KVA D**AV महिला महाविद्यालय, करनाल द्वारा आयोजित **Online** अर्न्तराज्यीय निबन्धलेखन प्रतियोगिता में कुमारी मुस्कान ने द्वितीय स्थान पाया।
- दिनांक 16/05/22 को **Legal Literacy** विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- दिनांक 17/05/2022 को छात्राओं को **Visit** करवाया गया जिसमें **CJM Cum Secretary** जिला विधिक सेवा विभाग महिला मानवाधिकार विषय पर सम्बोधित किया गया।
- दिनांक 18/05/2022 को **"Social Media : Inclusion, Representation and Safety of women** विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया।

## Computer Science Department

- दिनांक 10/10/21 को **Poster Making, Slogan writing** तथा PPT Competition का आयोजन किया गया।

- दिनांक 25/02/22 को **Documentary Making** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 22/03/22 को **Placement Drive** का आयोजन किया गया।
- दिनांक 21/04/22 को **Pot Painting, Dancing & Singing Competition** का आयोजन सम्पन्न हुआ।
- दिनांक 10/05/22 को राज्यस्तरीय **IT Quiz** का आयोजन किया गया।
- दिनांक 25/05/22 को **Techno Competition** का आयोजन किया गया।

## खेलकूद विभाग गतिविधियाँ

छात्राओं के ज्ञानवर्धन के साथ साथ महाविद्यालय उनके शारीरिक कौशल का विकास करने का पुरज़ोर प्रयास भी करता है। शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा छात्राओं को खेल–कूद की स्पर्धाओं में भाग लेने एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु निरन्तर प्रेरित किया जाता है। खेलों के स्तर को समृद्ध करने एवं छात्राओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने हेतु महाविद्यालय में एक **Sports Board** कार्यरत है। इस सत्र में शारीरिक शिक्षा विभाग की निम्नलिखित गतिविधियाँ एवं उपलब्धियाँ रहीं।

दिनांक 23/12/21 से 25/12/21 तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के **Sports Complex** में आयोजित अन्तर्महाविद्यालय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में अन्तर्गत ऊँची कूद स्पर्धा में कु0 महक ने कांस्यपदक जीता।

महाविद्यालय में 21 व 22 दिसंबर 2021 को वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 200 छात्राओं ने 19 खेल स्पर्धाओं में भाग लिया । प्रत्येक स्पर्धा के लिए प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिए गए। खेलों के प्रति अधिक से अधिक छात्राओं को

प्रोत्साहित करने के लिए **Best Athlete** का चयन कर उन्हे पुरस्कृत किया जाता है। इस वर्ष बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा कु. आँचल ने महाविद्यालय की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने का गौरव प्राप्त किया।

## पुस्तकालय

महाविद्यालय का पुस्तकालय एक विस्तृत हाल में स्थापित किया गया है, जिसमें प्राध्यापकों एवं स्नातक तथा स्नातकोत्तर छात्राओं के लिए अलग अलग कक्ष बनाए गए हैं। पुस्तकालय में इस समय 16336 पुस्तकें उपलब्ध है। पुस्तकालय में प्रतिदिन 150–200 छात्राएं व प्राध्यापक अध्ययन करते हैं। हरियाणा सरकार द्वारा 2021–22 में 5,50,000/– अनुदान राशि से **Computer, Printer, Books, Almirah** इत्यादि वस्तुएँ खरीदकर पुस्तकालय को और समृद्ध किया गया है।

पुस्तकालय में इस समय 8 समाचार पत्र व सामान्य ज्ञान व प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम की 10 पत्रिकाएँ मंगवाई जा रही हैं। पुस्तकालय का पूर्णतया **Computerization** किया हुआ है। पुस्तकालय में **latest Version Soul 3.0 library Software** द्वारा **books** को **Issue Return** किया जाता है।

पुस्तकालय द्वारा **N-List, British Council Digital India** की **Membership** ली गई है। जिसमें **e-pathsahala, E-Resources, E-book, Shodha Sindhu, Cursive Writing, IELTS, Learn English, upgrade Skills Enging Online Events** का छात्राओं द्वारा अध्ययन किया जाता है।

राष्ट्रीय सेवा योजनाः–

महाविद्यालय मे एन.एस.एस. की दो ईकाइयों में कुल 200 स्वयं सेवक छात्रायें पंजीकृत है। ये ईकाइयाँ सुश्री श्रुति एवं सुश्री सृष्टि के कुशल नेतृत्व में उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। इसके माध्यम से छात्राओं में श्रम के प्रति सम्मान की भावना उत्पन्न करने एवं सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जाता है। सत्र 2021–22 में एन.एस.एस. की दोनों इकाईयों द्वारा विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनका विवरण इस

प्रकार है

- दिनांक 08/07/21 को आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- दिनांक 10/07/21 को **" Rate of Covid-19 Worrying During Pandemic"** विषय पर वेबीनार का आयोजन हुआ।
- दिनांक 01–15/08/21 स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत स्वच्छता सम्बद्ध विविध गतिविधियाँ आयोजित हुई।
- दिनांक 15/08/21 को स्वयंसेविकाओं ने ध्वजारोहण कार्यक्रम में भाग लिया।
- दिनांक 16/08/21 को आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत **Poster Making** तथा निबन्ध लेखन प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई।
- अगस्त 2021 में **Fit India freedom Run** कार्यक्रम के अन्तर्गत व्यायाम, दौड़ इत्यादि आयोजित हुए।
- दिनांक 01–07/09/21 पोषण माह कार्यक्रम के अन्तर्गत पंचायत व आंगनवाड़ियों में पौधा रोपण, जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित हुए।
- दिनांक 08/09/2021 को विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर **Online Quiz** एवं **Poster Making** प्रतियोगिता आयोजित हुई।
- दिनांक 15/09/21 को विश्वशान्ति दिवस अवसर पर **"Noble Prize Winners"** विषय पर समूह चर्चा आयोजित हुई
- दिनांक 24/09/21 को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित **NSS Day** कार्यक्रम में स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया।
- दिनांक 02/10/21 को लाल बहादुर शास्त्री एवं गांधी जयन्ती के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक गतिविधि परेड एवं स्वच्छता अभियान आदि कार्य किए गए।

- दिनांक 05/10/21 को **NSS** लक्ष्यगीत गायन प्रतियोगिता आयोजित हुई।
- दिनांक 3/11/21 को 'प्रदूषण मुक्त दीवाली जागरूकता अभियान चलाया गया।
- दिनांक 19/11/21 से 25/11/21 तक ''कौमी एकता शपथ'' कार्यक्रम के अन्तर्गत निबन्ध लेखन, प्रश्नोतरी एवं स्लोगन रायटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।
- दिनांक 26/11/21 को संविधान दिवस का आयोजन किया गया ।
- दिनांक 01/12/21 को विश्व एड्स दिवस पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई।
- 12/01/22 से 19/01/22 राष्ट्रीय युवा सप्ताह के अन्तर्गत प्रश्नोतरी, जागरूकता अभियान एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुए।
- दिनांक 08/03/22 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समूह परिचर्चा की गई।
- 23/03/21 को शहीदी दिवस पर रैली निकाली गई।
- 01/04/22 को विश्वस्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता अभियान चलाया गया।
- दिनांक 24/04/22 को पानीपत में आयोजित गुरू तेग बहादुर साहिब जी के 400 वें प्रकाशपर्व पर स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया।
- दिनांक 13/05/22 को **Yoga & life** विषय पर **Poster Making** प्रतियोगिता अयोजित की गई।
- 21/05/22 को **Anti-Terrorism Day** पर समूह परिचर्चा आयोजित हुई।

<u>एन.सी.सी.:–</u>

महाविद्यालय में डॉ0 अनीता जून के नेतृत्व में एक आर्मी विंग स्थापित है, जो 7 हरियाणा बटालियन एन.सी.सी. की शृङ्खला है। इसमें 67 एन.सी.सी. कैडेट्स **Enrolled** है। एन.सी.सी. की कैडेट्स ने वर्ष भर विभिन्न शिविरों एवं गतिविधियों में भाग लिया तथा सामाजिक कुरीतियों के विरूद्ध जागरूकता अभियान और रक्तदान जैसे महान् कार्यों में उत्साहपूर्वक भागीदारी की। एन.सी.सी. की विभिन्न गतिविधियों का विवरण इस प्रकार हैः–

- दिनांक 23/07/22 को यातायात सुरक्षा पर वेबीनार आयोजित किया गया।
- दिनांक26/07/21 को करगिल दिवस के उपलक्ष्य में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। साथ ही भाषण कविता एवं स्लोगन रायटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।
- दिनांक04/09/21 को **'FIT INDIA"** विषय पर **Rally** निकाली गई तथा कैडेट्स ने **FIT INDIA FREEDOM RUN** में भाग लिया।
- दिनांक 04/10/21 को विश्व प्रकृति दिवस के उपलक्ष्य में कैडेट्स द्वारा पौधारोपण किया गया।
- दिनांक 12/08/21 को बाल भवन, करनाल में आयोजित विविध प्रतियोगिताओं में कैडेट्स ने भाग लिया तथा पुरस्कार प्राप्त किए।
- 13/08/21 को 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम में सांसद श्री संजय भाटिया द्वारा कैडेट्स **SUO** ज्योति तथा **UO** सिमरन् को सम्मानित किया गया।
- दिनांक 15/08/21 को स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में **NDRI** में आयोजित परेड में 8 कैड्ेट्स ने भाग लिया तथा ट्रॉफी प्राप्त की।
- दिनांक 21/10/21 को शहीदी दिवस पर वेबीनार आयोजित किया गया।
- दिनांक 21/10/21 से 28/10/21 तक राजकीय महाविद्यालय करनाल में आयोजित सात दिवसीय शिविर में महाविद्यालय की 22 कैडेट्स ने भाग लिया।
- दिनांक 08/11/21 से 12/11/21 पर्यन्त राजकीय महाविद्यालय करनाल में आयोजित शिविर में **B Certificate** प्राप्त 41 कैडेट्स ने भाग लिया।
- दिनांक 16/11/21 को बालभवन **Golden Jubilie** के उपलक्ष्य में 25 कैडेट्स को सम्मानित किया गया।
- दिनांक 26/11/21 को **NCC Day** का आयोजन किया गया।

- दिनांक 18/02/22 को ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'' विषय पर रैली आयोजित हुई
- दिनांक 10/12/21 को मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया गया।
- दिनांक 21/12/21 को कैडेट्स द्वारा नदी उत्सव के उपलक्ष्य में कर्ण लेक पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।
- दिनांक 26/01/22 को कैडेट्स ने गणतन्त्र दिवस परेड में भाग लिया।
- दिनांक 23/03/22 को शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित रक्तदान शिविर में कैडेट्स ने रक्तनदान किया तथा तिरंगा यात्रा में भाग लिया।
- दिनांक 05/04/22 को पुनीत सागर अभियान के अन्तर्गत ''जल बचाओं जीवन बचाओ एवं वृक्ष लगाओ'' विषय पर कैडेट्स द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया एवं कर्णलेक पर सफाई की गई।
- दिनांक 06/04/22 को सैनिक स्कूल कुंजपुरा में आयोजित फायरिंग प्रशिक्षण के अवसर पर **Traffic Rules & Driving** विषय पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया।
- दिनांक 08/03/22 को महिला दिवस पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया तथा **Trafic Police Sec-7 Karnal** द्वारा प्राचार्या डा0 सरिता कुमार तथा डा0 अनिता जून को सम्मानित किया गया।
- दिनांक 27/02/22 को अम्बाला में आयोजित **C Certificate Test** में 27 कैडेट्स ने परीक्षा दी।
- दिनांक 06/03/22 को **NCC B Certificate Exam** जो कि गुरूनानक खालसा महाविद्यालय, करनाल में आयोजित हुआ में महाविद्यालय की 34 कैडेट्स ने भाग लिया।
- 13/04/22 को **Dr. B.R. Ambedkar** जयन्ती के उपलक्ष्य में 'भारतीय संविधान' विषय पर परिचर्चा की गई।
- 25/05/22 को 'पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई एवं पौधारोपण किया गया।
- दिनांक 21/06/22 को योग दिवस मनाया गया।

## Red Cross Committee

- नवम्बर 21में **Drug De Addiction** तथा रक्तदान विषय पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- नवम्बर 2021 में **Drug De Addiction** तथा **Blood Donation** विषय पर **Poster Making** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 29/12/21 को डॉ0 ऋषिराज सिंह के द्वारा **Free Eye Checkup Camp** में 150 छात्राओं को लाभ मिला।
- दिसंबर 2021 में विविध विषयों पर **Slogan Writing Competition** का आयोजन किया गया।
- 03/02/22 को 100 निर्धन छात्राओं को शाल वितरित किए गए।
- 02-07/02/22 को 75 करोड़ सूर्य नमस्कार अभियान के अन्तर्गत सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया।
- 08/05/22 को **Red Cross Day** के उपलक्ष्य में Be Human Kind के अन्तर्गत 50 छात्राओं ने जरूरतमन्दों की सहायता की।
- 17/05/22 का **Poster Making, Slogan Writing, Power Point Presentation** प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## रैड रिबन क्लब :-

आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में महाविद्यालय में छात्राओं को रोजगार एवं व्यवसाय संबंधी परामर्श प्रदान करने हेतु एवं व्यक्तित्व के सम्पूर्ण विकास के उद्देश्य से यह प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। डा. डिम्पल बुधवार की देख रेख में यह प्रकोष्ठ सुचारू रूप से कार्य कर रहा है। वर्षभर प्रकोष्ठ द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनका विवरण इस प्रकार है-

- दिनांक 05/10/2021 को **HIV/AIDS Awareness & Drug** विषय पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई।
- दिनांक 09/11/2021 को **TB** जागरूकता हेतु विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। साथ ही **Poster Making** प्रतियोगिता आयोजित हुई।
- दिनांक 01/12/2021 को **AIDS** दिवस पर जागरूकता रैली निकाली गई तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

- दिनांक 09/12/21 को **AIDS** जागरूकता पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया
- दिनांक 11/04/22 को **HIV/AIDS** जागरूकता पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- दिनांक 13/04/2022 को विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं द्वारा लाल गुब्बारों के साथ मानव शृङ्खला का निर्माण किया गया।
- **<u>Placement and Personality Development Cell :-</u>**

आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में महाविद्यालय में छात्राओं को रोजगार एवं व्यवसाय संबन्धी परामर्श प्रदान करने हेतु एवं व्यक्तित्व के सम्पूर्ण विकास के उद्देश्य से यह प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। श्री विकास अत्रि की देख रेख में यह प्रकोष्ठ सुचारू रूप से कार्य कर रहा है। वर्षभर प्रकोष्ठ द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनका विवरण इस प्रकार है –

- दिनांक 06/12/2021 को **'Excellent Civil Academy"** करनाल के सहयोग से विद्यार्थियों को **Ministry of Minority Affairs, Govt. Of India** की **Free Coaching** तथा **Stipend scheme** से अवगत करवाया गया जिससे 15 छात्राएँ लाभान्वित हुईं।
- दिनांक 13/12/2021 को **Info Maths Chandigarh** के सहयोग से **'Information Technology & Career Awareness'** विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई जिसमें 65 छात्राओं ने भाग लिया।
- दिनांक 5/4/2022 को राजकीय महाविद्यालय, करनाल में **Art & Craft** विषय पर कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें महाविद्यालय की 10 छात्राओं ने भाग लिया।
- दिनांक 20/04/2022 को **'Share & Stock Exchange'** विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- दिनांक 07/05/2022 को महाविद्यालय परिसर में **Job Fair** का आयोजन किया गया जिसमें कि 25 छात्राएं **Job** के लिए चयनित हुईं।

महत्त्वपूर्ण दिवस आयोजन–

महाविद्यालय में छात्राओं को भारत की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहर संबंधी जानकारी प्रदान करने तथा उनमें प्रजातान्त्रिक, भाषाई, पर्यावरणीय व अन्य विषयों से संबंधित मूल्यों का संचार करने के लिए महत्वपूर्ण दिवस मनाने की परम्परा स्थापित की गई है। इस वर्ष आयोजित महत्वपूर्ण दिवसों का विवरण इस प्रकार है–

- दिनांक 02/08/2021 को 'आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम के अन्तर्गत नारा लेखन, राखी बनाओ तथा **Poster Making** प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- दिनांक 31/10/2021 को छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय एकता के लिए शपथ ग्रहण की गई।

## विज्ञान प्रदर्शनी

- दिनांक 26/11/2021 को भौतिकी विभाग, रसायन विभाग, भूगोल विभाग एवं कम्प्यूटर विभाग द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें उक्त विभागों की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की।
- दिनांक 30/11/2021 को राजकीय महाविद्यालय मतलौडा में आयोजित जिला स्तरीय प्रदर्शनी में छात्राओं ने भाग लिया तथा पुरस्कृत हुईं।

विषय परिषदें व गतिविधियाँ :–

महाविद्यालय में सभी विषयों की परिषदें गठित की गई है जिनके अन्तर्गत वर्षभर विभिन्न आयोजित की जाती हैं। इनका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को वैचारिक, रचनात्मक एवं कलात्मक अभिव्यक्ति के अवसर प्रदान करना है। संबन्धित प्राध्यापकों के संरक्षण में इन परिषदों का संचालन छात्राओं द्वारा सुचारू रूप से किया जाता है।

व्यक्तिगत उपलब्धियाँ :–

महाविद्यालय अपने शिक्षकों के शिक्षण स्तर में सुधार के साथ–साथ प्रशिक्षण, शोध, स्वास्थ्य

**तथा लेखन के लिए उनको निरन्तर अवसर सुलभ करवाता है। सत्र 2021–22 मे महाविद्यालय के शिक्षकों ने 1 Short-term Course, 10 Refresher Course, 18 Faculty Development Programe, 9 Workshop, 1 Induction ट्रेनिंग इत्यादि में भाग लिया और शोध पत्र प्रस्तुत किए।**

✯ श्रीमती सुमन चौधरी एवं श्री संजीव कुमार का संयुक्त शोधपत्र ''**Relativistic Effects of Stimulated Brillouth Scattering of Self Focused Gaussian Laser Beams in Plasmas with Axial Density Ramp" Journal of Russian Laser Research** में प्रकाशित हुआ।

✯ **Self-Focusing of Cas Gaussian Laser Beam in Callisional Plasmas: Effect of non-Linear absorption "Journal of optics"** में प्रकाशित हुआ।

✯ **"Scattering of Laser light in Dielectrics & Plasmas: A revieve"** शोधपत्रिका **"Non Linear optics Quantam optics"** में प्रकाशित हुआ।

✯ **Non linear interaction of quadruple Gaussion Laser beam with Narrow band Gap Semi conductor "** शोधपत्रिका **Journal of optics** में प्रकाशित हुआ।

✯ **"Optics guiding of Q-gaussion laser beam in radial density plasma channel created by two prepulses: Ignitar & Heater"** शोधपत्रिका **Journal of Optics** में प्रकाशित हुआ।

✯ **"Exatation of ion acoustic waves by self focused q-Gaussion laser beam in plasma with axial density ramp** शोधपत्रिका **"journal of optics"** में प्रकाशित हुआ।

✯ **"Simulated Raman Scattering of self focused elliptical q-gaussian laser beam in plasma with axial density ramp"** शोधपत्रिका **Effects of Panderomotive Force' " Journal of optics** में प्रकाशित हुआ।

✯ डॉ0 रमेश कुमार धीमान् का शोधपत्र **"Digital India Recent Changes in Business & Management" " International journal of Economics prespective"** में प्रकाशित हुआ।

✯ श्रीमती जीवन ज्योति का शोधपत्र **Influence of demographics on key drives to join multi level marketing company"** शोधपत्रिका **international journal of Economics prospective** में प्रकाशित हुआ।

✯ ''सुश्री दुर्गेश का **Ni-ag based nano composite silms fot promising application as"** शोधपत्रिका **Flsevier** में प्रकाशित हुआ।

✯ श्रीमती वन्दना देवी का शोधपत्र **“A Critical Analysis of the Block chain Technology and its applications”** शोधपत्रिका **Proceeding of International Conference on applied artificial intelligence and computig (ICAAIC)** में प्रकाशित हुआ तथा **“A sophisticated Analysis of the Blockchain Technology and its applications Domain’ Research Journal “ ACCAI”** में प्रकाशित हुआ।

✯ डॉ0 विदुषा का शोधपत्र ‘‘श्रीमदभगवत गीता में आदर्श व्यक्तित्व’’ शोधपत्रिका ‘‘श्रीमदभगवद् गीता का महत्त्व एवं उपयोगिता’’ में प्रकाशित हुआ।

# राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, करनाल

## वार्षिक रिपोर्ट

## सत्र 2018-19

अप्रैल 1998 में अपने वर्तमान स्वरूप में आया राजकीय महिला महाविद्यालय, करनाल ब्रिटिश सरकार द्वारा निर्मित नॉरमल स्कूल के भवन में स्थापित है। वर्ष 2008 में हरियाणा सरकार ने इस महाविद्यालय का चयन ऐसे 25 महाविद्यालयों में किया जिन्हें सर्वोत्कृष्ट शिक्षा संस्थानों के रूप में विकसित किया जा रहा है। कला एवं वाणिज्य संकायों से शुरूआत करने वाला यह महाविद्यालय अब विज्ञान एवं अन्य रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की शिक्षा भी प्रदान करने लगा है तथा शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में नई ऊँचाइयों को छूकर यह क्षेत्र का एक लोकप्रिय शैक्षणिक संस्थान बन चुका है। महाविद्यालय की छात्राओं को आधुनिक व आर्थिक उदारीकरण के इस युग में अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से वर्ष 2010-11 से B.Sc. (Non-Med.), B.Sc. (Comp. Sc.) एवं M.Com. के पाठ्यक्रम शुरू किए गए। सभी पाठ्यक्रमों में प्रति वर्ष प्रवेश की निम्नतम प्रतिशत काफी ऊँची रहती है। इसके अतिरिक्त सत्र 2012-13 से छात्राओं की English Communication Skills सुदृढ़ करने हेतु Functional English ऐच्छिक विषय के रूप में शुरू किया गया है। इसी दिशा में अंग्रेजी में स्नातक स्तर पर Honours Degree Course भी शुरू किया गया है ताकि अंग्रेजी भाषा में रूचि रखने वाली छात्राओं को इसका लाभ मिल सके। इसके साथ–साथ एम0एस0सी0 भूगोल भी महाविद्यालय में आरभ हो चुकी है।

वर्तमान में महाविद्यालय में अध्ययन कक्षों की कोई कमी नहीं है। इसके साथ–साथ अन्य सुविधाओं जैसे प्रयोगशालाएँ, Faculty Rooms आदि भी पर्याप्त संख्या में बनाए गए हैं। अतः पठन–पाठन हेतु एक सर्वश्रेष्ठ वातावरण है। इसके

साथ–साथ महाविद्यालय प्रांगण में अनुशासन बनाए रखने एवं बाहरी तत्वों पर निगरानी रखने के लिए C.C.T.V. कैमरे लगवाए गए हैं। महाविद्यालय में भू–जल स्तर में सुधार एवं जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए दो Water Harvesting Units लगवाए गए हैं।

**अध्ययन संकाय, विषय तथा स्टॉफ स्थितिः–**

यह महाविद्यालय एक बहु संकाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय है जिसमें स्नातक स्तर पर कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं कंप्यूटर डिग्री पाठ्यक्रम तथा स्नातकोत्तर स्तर पर एम०ए०हिन्दी, एम०ए० संगीत, एम०एस०सी० भूगोल तथा एम०कॉम० की शिक्षा दी जाती है। इसके अतिरिक्त BBA, BCA तथा Add-on Courses के रूप में Food and Nutrition तथा Garment Designing के courses भी उपलब्ध है। इस सत्र में महाविद्यालय में स्नातक कक्षाओं में 2572 तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं में 224 छात्राएं अध्ययनरत हैं। शैक्षणिक व अन्य कार्यों को सुचारू रूप से चलाने हेतु 61 नियमित Assistant/Associate Prof. कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त शैक्षणिक कार्यभार के वहन हेतु Extention Lecture के आधार पर 30 शिक्षकों की सेवाएं ली जा रही है। सभी विषयों की पढ़ाई सुचारू रूप से चलाने के लिए महाविद्यालय में सुविधाजनक अध्ययन कक्ष और आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाओं का निर्माण किया गया है।

महाविद्यालय के शिक्षकों की लगन व गुणात्मक शिक्षण तथा छात्राओं के परिश्रम के फलस्वरूप महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम प्रतिशत विश्वविद्यालय के परीक्षा परिणाम प्रतिशत से सदैव बेहतर रहता है। प्रति वर्ष महाविद्यालय की छात्राएं विश्वविद्यालय की मैरिट लिस्ट में स्थान पाती हैं।

**विशिष्ट उपलब्धि :–**

यह महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है कि एम०ए० हिन्दी अंतिम वर्ष की छात्रा लुकेश शर्मा ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मैरिट सूची में **प्रथम स्थान** पाया है। इस छात्रा की इस उपलब्धि से महाविद्यालय का नाम रोशन हुआ है। महाविद्यालय को लुकेश शर्मा पर गर्व

है। इसके साथ–साथ एम0ए0 हिन्दी की छात्रा कोमल गोरसी ने भी मैरिट सूची में बारहवां स्थान प्राप्त करके महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है।

**<u>Proctorial Duties</u>:-**

महाविद्यालय में अनुशासन बनाए रखने एवं शैक्षणिक कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्राचार्या की देख–रेख में सभी शिक्षक अपनी–अपनी Proctorial Duties अत्यन्त निष्ठा एवं लगन से निभाते हैं।

**<u>Mentor Mentees Group</u>:-**

महाविद्यालय की छात्राओं को कुल 39 Mentor Mentees Groups में विभाजित किया गया है। प्रत्येक Group का इन्चार्ज एक शिक्षक/शिक्षिका को बनाया गया है जो छात्राओं की व्यक्तिगत और शैक्षणिक समस्याओं का निदान करते हैं तथा उन्हें व्यवसाय, रोजगार, शिक्षा तथा समसामयिक विषयों संबंधी जानकारी प्रदान करते हैं। Mentor Mentees Groups से गुरू–शिष्य संबंध भी प्रगाढ़ होते हैं। इस सत्र में ये कक्षाएँ नियमित रूप से डॉ0 नीलम तुरान की देख–रेख में लगवाई जाती रही हैं।

**<u>छात्रवृत्ति एवं अन्य सहायता राशि</u> :–**

हरियाणा सरकार व विभिन्न संस्थानों से छात्राओं को शैक्षणिक क्षेत्र में प्रोत्साहन देने हेतु छात्रवृत्तियाँ और अन्य सहायता राशि प्राप्त होती है। सत्र 2018–19 में अनुसूचित वर्ग की छात्राओं के लिए Consolidated Stipend Scheme के अन्तर्गत 81,90,000/- रू0 की राशि प्राप्त हुई जो कि 585 छात्राओं में वितरित की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त हरियाणा स्टेट मेरिट स्कॉलरशिप स्कीम के अन्तर्गत U.G कक्षाओं की छात्राओं को 1,51,000/–रू0 की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है।

**<u>अनुदान राशि</u> :–**

महाविद्यालय में बर्सर के दायित्व का निर्वहन श्री सुरेश कुमार जी ने अत्यन्त कुशलता पूर्वक किया है। महाविद्यालय में सत्र 2018–19 में हरियाणा

सरकार से प्राप्त अनुदान राशियों का उपयोग नियमानुसार महाविद्यालय में विभिन्न सुविधाओं एवं Infrastructure के विस्तार करने एवं इन्हें समृद्ध बनाने में किया गया।

**Grants Received 2018-19**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Library | -- | 2,50,000/- |
| 2. | Women Cell | -- | 1,40,000/- |
| 3. | Lab. upgradation | -- | 2,50,000/- |
| 4. | Educational Tours | -- | 75,000/- |
| 5. | Placement Cell | -- | 88,000/- |
| 6. | Science Exhibition | -- | 40,000/- |
| 7. | Earn While you Learn | -- | 1,20,000/- |
| 8. | Sports Ativities | -- | 1,60,000/- |
| 9. | Cultural Activites | -- | 30,000/- |

**सांस्कृतिक गतिविधियाँ :–**

सांस्कृतिक गतिविधियों में महाविद्यालय की छात्राएं प्रतिवर्ष नए मानदण्ड स्थापित कर रही हैं। इस सत्र में छात्राओं ने राज्य व विश्वविद्यालय स्तरीय अनेक गतिविधियों में भाग लिया और श्रेष्ठ प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस वर्ष की सांस्कृतिक गतिविधियों का विवरण इस प्रकार हैः–

- दिनांक 14 सितंबर एवं 15 सितंबर, 2018 को महाविद्यालय में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया एवं प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया।

- दिनांक 8 अक्तूबर से 10 अक्तूबर, 2018 तक **G.B.W. College Kurana Panipat** में आयोजित **Zonal Youth Festival** में छात्राओं ने निम्न गतिविधियों में पुरस्कार प्राप्त किएः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| i) | Classical Dance (Solo) | - | Recommended |
| ii) | Haryanvi Dance (Solo) | - | Commended |
| iii) | Haryanvi Folk Song | - | Commended |
| iv) | Rangoli | - | Commended |
| v) | Choreography Dance | - | Commended |
| vi) | Mime | - | 2 nd Commended |
| vii) | General Group Song | - | Commended |
| viii) | Cartooning | - | 2nd Commended |
| ix) | Haryanvi Group Song | - | 2nd Commended |
| x) | Classical Inst. (Solo) | - | 2nd Commended |

- दिनांक 30 अक्तूबर, 2018 को गुरु नानक खालसा महाविद्यालय, करनाल में शब्द गायन (समूह) प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- दिनांक 4 नवंबर से 6 नवंबर 2018 को महाविद्यालय की छात्राओं ने **Inter Zonal Youth Festival** में भाग लिया।
- दिनांक 4 फरवरी, 2019 को महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम 'बसन्त–दरबार' का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 50 छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- दिनांक 16 मार्च, 2019 को के0 वी0 ए0 डी0ए0वी0 महिला महाविद्यालय, करनाल द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शास्त्रीय संगीत वादन में कुमारी रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**साहित्यिक उपलब्धियाँ :–**

समय–समय पर होने वाली विभिन्न राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय एवं अंतर्महाविद्यालयी साहित्यिक प्रतियोगिताओं में भी हमारे महाविद्यालय की छात्राएं अपनी सक्रिय भागेदारी से महाविद्यालय का गौरव बढ़ाती रहती है। इस सत्र में

डॉ0 नवीन बत्तरा के निर्देशन में इन छात्राओं की उपलब्धियाँ सराहनीय रही हैं, जिनका विवरण निम्नलिखित है–

- दिनांक 20.09.2018 को उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा पं0 चिंरजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा रवीना ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए 5000/– रुपये का नकद पुरस्कार प्राप्त किया।

- दिनांक 29 सितंबर 2018 को जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा पं0 चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल में आयोजित जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता मे महाविद्यालय की छात्रा काजल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

- दिनांक 11 अक्तूबर 2018 को जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा गुरु नानक खालसा कॉलेज, करनाल में आयोजित जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा रवीना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

- दिनांक 12 अक्तूबर 2018 को दयाल सिंह कॉलेज, करनाल द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा भारती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

- दिनांक 23 फरवरी 2019 को दयाल सिंह कॉलेज, करनाल द्वारा आयोजित अंतर्महाविद्यालयी काव्य पाठ प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा भारती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**<u>महिला प्रकोष्ठ एवं विधि साक्षरता प्रकोष्ठ :–</u>**

डॉ. पूनम बागी के नेतृत्व में यह प्रकोष्ठ छात्राओं को शारीरिक, बौद्धिक एवं भावनात्मक रुप से सशक्त बनाते हुए उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण भी सुलभ करवाता है ताकि वे आर्थिक रुप से स्वावलम्बी बन सकें। महिला सशक्तिकरण के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रकोष्ठ द्वारा वर्ष भर निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया–

**<u>महिला प्रकोष्ठ :–</u>**

- दिनांक 2 अगस्त, 2018 से 14 अगस्त, 2018 तक दस दिवसीय **Theater Workshop** का आयोजन किया गया।

- दिनांक 13 अगस्त, 2018 को तीज का त्योहार मनाया गया जिसमें चूड़ी सजाओ, पारम्परिक भोजन बनाओ तथा गायन प्रतियोगिताएं करवाई गई।
- हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार दिनांक 23 अगस्त, 2018 से 25 अगस्त, 2018 तक रक्षा बन्धन त्योहार के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करवाया गया।
- दिनांक 24 अगस्त, 2018 को महिला अधिकार तथा सशक्तनारी–सशक्त हरियाणा विषय पर एक रैली निकाली गई और घरेलू हिंसा विषय पर एक व्याख्यान भी करवाया गया।
- दिनांक 25 अगस्त, 2018 को छात्राओं ने महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों के विरूद्ध आवाज उठाने की शपथ ली और **Signature Wall** पर **Signature** किए तथा पेड़ों पर संकल्प सूत्र भी बांधे।
- दिनांक 25 सितम्बर, 2018 को **Life Skills** विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- दिनांक 1 अक्तूबर, 2018 को **Best Out of Waste** प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।
- दिनांक 8 अक्तूबर से 15 अक्तूबर, 2018 तक **Creative Art** विषय पर कार्यशाला करवाई गई।
- दिनांक 4 अक्तूबर से 17 अक्तूबर, 2018 तक **Self Defence** कार्यशाला का आयोजन करवाया गया।
- दिनांक 26 अक्तूबर से 3 नवंबर, 2018 तक **Screen Painting** की कार्यशाला का आयोजन करवाया गया।
- दिनांक 5 नवंबर, 2018 को **Diwali** त्योहार के उपलक्ष्य में **Diya Decoration, Candle Decoration, Poster Making, Thali Decoration, Rangoli Making, Pot Decoration, Home Decoration** आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गई।
- दिनांक 21 जनवरी, 2019 से 25 जनवरी, 2019 तक **Food Preservation** विषय पर पाँच दिवसीय कार्यशाला करवाई गई।

- दिनांक 21 जनवरी, 2018 से 2 फरवरी, 2019 तक **Self Defence** कार्यशाला करवाई गई।
- दिनांक 30 जनवरी, 2019 को जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 8 मार्च, 2019 को महिला दिवस मनाया गया जिसमें **Fashion Show and Doll Draping** जैसी गतिविधियाँ करवाई गई।

**<u>विधि साक्षरता प्रकोष्ठ :–</u>**

- दिनांक 23 अगस्त, 2018 को स्लोगन लेखन प्रतियोगिता करवाई गई।
- दिनांक 24 अगस्त, 2018 को महिला अधिकार विषय पर एक रैली निकाली गई।
- दिनांक 24 अगस्त, 2018 को 'घरेलू हिंसा एवं महिलाओं के अधिकार' विषय पर एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. सुमन गुप्ता ने सारगर्भित व्याख्यान दिया।
- दिनांक 25 दिसंबर, 2018 को **Life Skills** विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- दिनांक 28 अक्तूबर से 3 नवंबर, 2018 को स्क्रीन पेंटिंग एवं सामान्य पेंटिग कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- दिनांक 26 फरवरी, 2019 को पं० चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल में कानून साक्षरता प्रकोष्ठ की 23 छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इन छात्राओं ने **Skit** में प्रथम, पेंटिग में तृतीय, **Debate** में द्वितीय, भाषण में द्वितीय एवं कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- दिनांक 8 मार्च, 2019 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को उत्साह के साथ मनाया गया।
- दिनांक 16 मार्च, 2019 को **Pt. N.R.S. Govt. College, Rohtak** में **Division Level Competitions** में छात्राओं ने भाग लिया व **Skit** विधा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

**<u>खेल–कूद से संबंधित गतिविधियाँ</u> :–**

छात्राओं के ज्ञानवर्धन के साथ–साथ महाविद्यालय उनके शारीरिक कौशल का विकास करने का पुरजोर प्रयास भी करता है। शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा छात्राओं को खेल–कूद की स्पर्धाओं में भाग लेने एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु निरंतर प्रेरित किया जाता है। खेलों के स्तर को समृद्ध करने एवं छात्राओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने हेतु महाविद्यालय में एक Sports Board कार्यरत है। इस सत्र में शारीरिक शिक्षा विभाग की निम्नलिखित गतिविधियाँ एवं उपलब्धियाँ रही–

- दिनांक 20 से 21 अक्तूबर, 2018 तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित अंतर्महाविद्यालयी जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में महाविद्यालय की टीम ने भाग लेते हुए एक रजत और एक कांस्य पदक जीता।
- दिनांक 16 अक्तूबर, 2018 को महाविद्यालय की दो छात्राओं ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित फुटबाल टीम के चयन के लिए ट्रायल दिया।
- दिनांक 11 से 12 फरवरी, 2019 को महाविद्यालय की छात्रा मीनाक्षी ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित काइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की।
- दिनांक 2 से 4 जनवरी, 2019 को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित बॉक्सिंग चैंपियनशिप में महाविद्यालय की एक छात्रा ने भाग लिया।

महाविद्यालय में 25 व 26 अक्तूबर, 2018 को वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 200 छात्राओं ने 19 खेल स्पर्धाओं में भाग लिया। प्रत्येक स्पर्धा के लिए प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिए गए। खेलों के प्रति अधिक से अधिक छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए **Best Athlete** का चयन कर उन्हे पुरस्कृत किया जाता है। इस वर्ष एम0एस0सी0 (भूगोल) अंतिम वर्ष की छात्रा तृप्ता ने महाविद्यालय की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने का गौरव प्राप्त किया।

**<u>पुस्तकालय</u> :–**

महाविद्यालय का पुस्तकालय एक विस्तृत हॉल में स्थापित किया गया है जिसमें प्राध्यापकों एवं स्नातक तथा स्नातकोत्तर छात्राओं के लिए अलग–अलग अध्ययन–कक्ष बनाए गए हैं। पुस्तकालय में इस समय 15,200 पुस्तकें उपलब्ध है जिनका लाभ प्रतिदिन 70–80 टीचिंग एवं नॉन–टीचिंग स्टॉफ सदस्यों तथा प्रतिदिन 500 से 700 छात्राओं द्वारा उठाया जाता है। वर्तमान सत्र में हरियाणा सरकार से प्राप्त 2,50,000/– रूपये की अनुदान राशि से 1,17,800/–रूपये के दो कंप्यूटर, एक प्रिंटर, एक **UPS,** छः बैटरी एवं दो बारकोड स्कैनर खरीदे गए। पुस्तकालय में इस समय 12 समाचार पत्र एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षाओं तथा पर्यावरण–विज्ञान आदि विषयों से संबंधित 16 पत्रिकाएं मंगवाई जा रही हैं।

पुस्तकालय का पूर्णतया Computerization किया जा चुका है तथा पुस्तकों का आदान–प्रदान कंप्यूटर द्वारा किया जा रहा है। छात्राओं को पुस्तकालय के अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करने हेतु प्रति वर्ष “Best User of Library” नामक पुरस्कार दिया जाता है। इस वर्ष का यह पुरस्कार मनीषा एम0एस0सी0 (भूगोल) प्रथम वर्ष रोल नं0 218380005 को दिया जा रहा है।

**<u>राष्ट्रीय सेवा योजना</u> :–**

महाविद्यालय में एन0एस0एस0 की दो ईकाइयों में कुल 200 स्वयं सेवक छात्रायें पंजीकृत हैं। ये ईकाइयाँ डॉ0 मीरा एवं डॉ0 विदुषा के कुशल नेतृत्व में उत्कृष्ठ कार्य कर रही हैं। इसके माध्यम से छात्राओं में श्रम के प्रति सम्मान की भावना उत्पन्न करने एवं सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जाता है। सत्र 2018–19 में एन0एस0एस0 की दोनों ईकाइयों द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनका विवरण इस प्रकार है–

- दिनांक 15 मई से 31 जुलाई, 2018 तक चलने वाले स्वच्छ भारत ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण में डॉ0 मीरा एवं डॉ0 विदुषा के नेतृत्व में 60 स्वयंसेविकाओं ने 18 गाँवों में बड़े स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया।

- दिनांक 01 अगस्त से 15 अगस्त, 2018 तक चले स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत महाविद्यालय के विभिन्न भागों में स्वच्छता कार्य किए गए।
- दिनांक 12 सितंबर से 21 सितंबर, 2018 तक खड़ापत्थर, शिमला (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के साहसिक गतिविधि शिविर में दो स्वयंसेविकाओं गीता कुमारी एवं सीता कुमारी ने कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 विदुषा सहित भाग लिया।
- दिनांक 24 सितंबर, 2018 को राष्ट्रीय सेवायोग दिवस के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के राधाकृष्ण सदन में छात्राओं ने 'डिजिटल लिट्रेसी' विषय पर नुक्क्ड नाटिका प्रस्तुत की।
- दिनांक 06 अक्तूबर, 2018 को दीनबन्धु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, सोनीपत द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय पूर्व गणतन्त्र दिवस प्रशिक्षण शिविर में कु0 काजल का चयन राष्ट्रीय पूर्व गणतन्त्र दिवस शिविर के लिए हुआ।
- दिनांक 26 दिसंबर, 2018 से 01 जनवरी, 2019 तक सात दिवसीय दिन–रात्रि शिविर का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा, गृहपरिचर्या, सैन्ययात्रा (परेड), योगाभ्यास इत्यादि विषयों का प्रशिक्षण दिया गया तथा स्वास्थ्य, वित्तीय साक्षरता, रामायण एवं महाभारत, देसी खाद निर्माण इत्यादि विविध विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर विविध प्रतियोगिताएँ जैसे – पोस्टर मेंकिग, निबन्ध लेखन तथा लघुनाटिका का भी आयोजन हुआ।
- दिनांक 02 अक्तूबर, 2018 तथा 26 जनवरी, 2019 को महाविद्यालय में एक दिवसीय शिविर के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया।
- दिनांक 08 मार्च, 2019 को 'नारी शक्ति' विषय पर समूह चर्चा आयोजित की गई।
- दिनांक 22 मार्च से 28 मार्च, 2019 तक गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार में आयोजित **NIC** शिविर में कु0 रजनी तथा सुखदीप कौर ने प्रतिभागिता की जिसमें सुखदीप कौर ने पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

**एन0सी0सी0ः–**

महाविद्यालय में डॉ0 अनिता जून के नेतृत्व में एक आर्मी विंग स्थापित है जो 7 हरियाणा बटालियन एन0सी0सी0 की श्रृंखला है। इसमें 106 एन0सी0सी0 कैडेट्स **Enrolled** हैं। एन0सी0सी0 की कैडेट्स ने वर्ष भर विभिन्न शिविरों एवं गतिविधियों में भाग लिया तथा सामाजिक कुरीतियों के

विरुद्ध जागरूकता अभियान और रक्त दान जैसे महान कार्यों में उत्साहपूर्वक भागीदारी की। एन0सी0सी0 की विभिन्न गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है:–

- दिनांक 25 जून से 04 जुलाई, 2018 तक 43 एन.सी.सी. कैडेट्स ने **CATC** ट्रेनिंग कैम्प में **GIMT Kanipla** (कुरुक्षेत्र) में भाग लिया और इस कैम्प में विभिन्न प्रतियोगिताओं में 4 मैडल प्राप्त किए।
- दिनांक 06 जुलाई से 16 जुलाई, 2018 तक अम्बाला में **TSC** (थल सेना कैम्प) में 3 एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा भाग लिया गया।
- दिनांक 15 अगस्त, 2018 को जिला प्रशासन परेड में कैडेट्स द्वारा भाग लिया गया।
- दिनांक 23 अगस्त से 25 अगस्त, 2018 तक महाविद्यालय में होने वाले कार्यक्रम 'सशक्त नारी–सशक्त हरियाणा' के अन्तर्गत कैडेट्स ने स्लोगन तथा रैली आदि गतिविधियों में भाग लिया।
- दिनांक 24 अगस्त, 2018 को 26 कैडेट्स ने **'C' Certificate** परीक्षा पास की और 28 कैडेट्स ने **'B' Certificate** परीक्षा पास की।
- दिनांक 26 सितम्बर, 2018 को कैडेट्स द्वारा 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' कार्यक्रम के अन्तर्गत रैली एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- दिनांक 30 सितंबर से 9 अक्तूबर, 2018 तक 17 कैडेट्स ने **GIMT Kanipla** (कुरुक्षेत्र) में **CATC** कैम्प में भाग लिया।
- दिनांक 20 अक्तूबर, 2018 को महाविद्यालय में आयोजित 'मतदान जागरूकता' कार्यक्रम के अन्तर्गत संगोष्ठी एवं रैली में कैडेट्स ने सक्रिय भागीदारी की।
- दिनांक 31 अक्तूबर, 2018 को सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मोत्सव एवं राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित व्याख्यान में कैडेट्स ने भाग लिया तथा शपथ ग्रहण की।
- दिनांक 22 नवंबर, 2018 को एन.सी.सी दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय में स्लोगन एवं भाषण जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- दिनांक 10 जनवरी से 14 जनवरी, 2019 तक रैडक्रॉस वर्कशॉप में एन.सी.सी. कैडेट्स ने सक्रिय सहभागिता की।
- दिनांक 26 जनवरी, 2019 को जिला प्रशासन परेड में एन.सी.सी. कैडट्रेस ने भाग लिया।
- दिनांक 10 फरवरी, 2019 को कैडेट्स ने **'C' Certificate** परीक्षा **S.D. College, Ambala** में दी।

- दिनांक 24 फरवरी, 2019 को 30 कैडेट्स ने **'B' Certificate** परीक्षा गुरु नानक खालसा कॉलेज, करनाल में दी।
- दिनांक 06 मार्च से 15 मार्च, 2019 तक रोपड़ (पजांब) में **Shooting Camp** में 7 कैडेट्स ने भाग लिया और चार स्वर्ण एवं एक रजत पदक जीतकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया।
- एन.सी.सी. कैडेट वैशाली को **Vice Chancellor Medal** से सम्मानित किया गया।

**<u>युवा रैड क्रॉस</u> :–**

- दिनांक 16 जुलाई, 2018 को रैड क्रॉस सोसायटी के संस्थापक **Sir John Henry Dunant** जयंती के उपलक्ष्य में विश्व रैडक्रॉस दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं को कागजी ध्वजाएं वितरित की गई तथा रैडक्रॉस के इतिहास से परिचित कराया गया।

- दिनांक 18 सितंबर से 26 सितंबर, 2018 तक श्रीमती श्वेता धीमान ने महाविद्यालय की 50 छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा एवं घरेलू उपचार का प्रशिक्षण दिया।

- दिनांक 4 जनवरी से 9 जनवरी, 2019 तक महाविद्यालय की 5 छात्राओं ने कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया जिसमें आयोजित विभिन्न प्रतियोगितओं में महाविद्यालय की छात्रा भारती ने गायन प्रतियोगिता में प्रथम एवं सुखदीप कौर ने **Extempore** प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ–साथ महाविद्यालय की टीम को **Best Team Award** से भी सम्मानित किया गया।

- दिनांक 12 जनवरी, 2019 को एक रैली का आयोजन किया गया।

- दिनांक 10 जनवरी से 14 जनवरी, 2019 तक महाविद्यालय की रैडक्रॉस सोसायटी ने जिला रैडक्रॉस द्वारा लगाए गए जिला स्तरीय युवा रैडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर की मेजबानी की। इसमें जिले भर के 11 महाविद्यालयों के 120 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें महाविद्यालय की टीम ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम एवं **Skit** में द्वितीय स्थान

प्राप्त किया। इसके साथ–साथ महाविद्यालय की टीम को **Best Team Award** से भी सम्मानित किया गया।

**रैड रिबन क्लब :–**

महाविद्यालय में रैड रिबन क्लब की अध्यक्षा डॉ0 डिम्पल हैं। उनके दिशा निर्देशन में क्लब द्वारा वर्ष भर अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। रैड रिबन क्लब की मुख्य गतिविधियाँ निम्नलिखित हैं :

- दिनांक 10 अगस्त, 2018 को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर क्लब द्वारा एड्स के प्रति जागरूकता लाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे पोस्टर मेकिंग एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ–साथ रैली निकाली गई एवं मानव श्रृंखला बनाकर जन–जागरण का कार्य किया गया।
- दिनांक 14 सितम्बर, 2018 को एच.आई.वी./एड्स के प्रति जागरूकता सम्बन्धी एक विस्तार भाषण का आयोजन किया गया जिसमें डॉ0 राखी शर्मा ने छात्राओं को इस घातक बीमारी सम्बन्धी अत्यन्त महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

**Placement and Personality Development Cell :-**

आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में महाविद्यालय में छात्राओं को रोजगार एवं व्यवसाय संबंधी परामर्श प्रदान करने हेतु एवं व्यक्तित्व के सम्पूर्ण विकास के उद्देश्य से यह प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। श्री विकास अत्री की देख रेख में यह प्रकोष्ठ सुचारू रूप से कार्य कर रहा है। वर्षभर प्रकोष्ठ द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनका विवरण इस प्रकार है–

- दिनांक 29 अक्तूबर, 2019 को **I.T.M** मुंबई के सहयोग से **'Personality Developement and Interview Skills'** विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के स्नातक अंतिम वर्ष की 152 छात्राओं ने सक्रिय भागेदारी की।

- दिनांक 12 अक्तूबर, 2018 को **VEDIC Mathematics**, अंबाला के सहयोग से **Mathematical Aptitude** और **Advanced Mathematics** से

संबंधित एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की 186 छात्राओं ने भाग लिया।

- दिनांक 19 दिसंबर से 22 दिसंबर, 2018 तक **V.N.D.P** और **Hero Group of Institutions** के सहयोग से महाविद्यालय में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 105 छात्राओं ने प्रतिभागिता की।
- दिनांक 23 अक्तूबर, 2018 से 12 जनवरी, 2019 तक **MEDHA** नामक **N.G.O** के सहयोग से **Life Skill Advancement Camp** का आयोजन किया गया जिसमें स्नातक प्रथम वर्ष की चयनित छात्राओं को 35–35 के दो ग्रुपों में विभाजित करके प्रत्येक ग्रुप को 30 घंटे का **Life Skill** प्रशिक्षण दिया गया।
- दिनांक 27 से 28 फरवरी, 2019 को पं0 चिंरजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल में हरियाणा सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए **JOB FAIR** में महाविद्यालय की 300 से अधिक छात्राओं ने हिस्सा लिया।
- दिनांक 31 जनवरी, 2019 को उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा **Pt. N.R.S** राजकीय महाविद्यालय, रोहतक में लगाए गए **JOB FAIR** में महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रतिभागिता की।
- दिनांक 20 फरवरी, 2019 को **A.P.I.I.T** पानीपत के सहयोग से महाविद्यालय में रोजगार पात्रता परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें स्नातक अंतिम वर्ष की 158 छात्राओं ने भाग लिया।
- दिनांक 18 से 23 फरवरी, 2019 तक **I.B.T** करनाल के सहयोग से महाविद्यालय में **Career Counselling** से संबंधित एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 187 छात्राओं ने भाग लेकर बैंकिंग एवं बीमा क्षेत्र के साथ–साथ एस0एस0सी0 परीक्षाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

- दिनांक 26 दिसम्बर, 2018 से 28 मार्च, 2019 तक **MEDHA N.G.O** के सहयोग से महाविद्यालय में **Technological Advancement Camp** का आयोजन किया गया जिसमें 31 छात्राओं ने सक्रिय प्रतिभागिता की।
- दिनांक 1 अप्रैल, 2019 को महाविद्यालय में **SKILL SATHI** कार्यक्रम का आयोजन **ACTTS Infotech Services Ltd.** के सहयोग से हुआ जिसमें महाविद्यालय की 64 छात्राओं ने भाग लिया।

**शैक्षणिक भ्रमण :–**

इस वर्ष हरियाणा सरकार से छात्राओं के शैक्षणिक भ्रमण के लिए 75,000/– हजार रु0 की अनुदान राशि महाविद्यालय को प्राप्त हुई जिससे दिनांक 13 फरवरी को सूरजकुंड सरस मेले में महाविद्यालय की 92 छात्राओं को ले जाया गया। इस भ्रमण में प्रभारी श्री नरेश दलाल के साथ डॉ. नीलम, श्री जितेन्द्र मोर, मैडम अनुव्रता तथा लैब सहायक पाला राम ने अपना सक्रिय योगदान दिया।

**महत्त्वपूर्ण दिवस आयोजन :–**

महाविद्यालय में छात्राओं को भारत की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहर संबंधी जानकारी प्रदान करने तथा उनमें प्रजातांत्रिक, भाषायी, पर्यावरणीय व अन्य विषयों से सबंधित मूल्यों का संचार करने के लिए महत्त्वपूर्ण दिवस मनाने की परम्परा स्थापित की गई है। इस वर्ष आयोजित महत्त्वपूर्ण दिवसों का विवरण इस प्रकार है–

- महाविद्यालय में 'स्वतंत्रता दिवस' एवं 'गणतंत्र दिवस' मनाया गया जिसमें प्राध्यापकों एवं छात्राओं ने भाग लेकर स्वतत्रंता संग्राम में आहूति देने वाले वीरों का स्मरण किया तथा राष्ट्रभक्ति के गीत, कविता व भाषणों के माध्यम से देश की उच्च सास्कृतिक परम्परा को नमन किया।
- दिनांक 5 सितम्बर 2018 को 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर प्राध्यापकों ने छात्राओं को अनेक सुविचारों से लाभान्वित किया।

- दिनांक 14 सितम्बर 2018 को 'हिन्दी दिवस' के सुअवसर पर काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 25 सितम्बर 2018 को 'प्रजातंत्र की जान – मत, मतदाता और मतदान' विषय पर वाद–विवाद, नारा–लेखन व पोस्टर बनाने की प्रतियोगिताएँ आयोजित कर छात्राओं को वोट डालने के लिए जागरुक किया गया।
- दिनांक 24 अक्तूबर 2018 को 'संयुक्त राष्ट्र दिवस' के अवसर पर 'संयुक्त राष्ट्र संघ की सार्थकता' विषय पर छात्राओं को अपने विचार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया गया जिसमें लगभग 60 छात्राओं ने प्रतिभागियों के विचार सुने।
- दिनांक 31 अक्तूबर 2018 को महाविद्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया जिसमें छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई।
- दिनांक 7 नवम्बर 2018 को 'साक्षरता दिवस' के अवसर पर विभिन्न विभागीय परिषदों द्वारा 'साक्षरता के महत्त्व' विषय पर भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई।
- दिनांक 12 जनवरी 2019 को विवेकानंद जयंती के अवसर पर 'युवा दिवस' का आयोजन किया गया जिसमें प्राध्यापकों द्वारा छात्राओं को विवेकानंद जी के विचारों एवं दर्शन से अवगत कराया गया।
- दिनांक 8 मार्च 2019 को 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया गया जिसमें छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कराया गया।

**विज्ञान प्रदर्शनी :–**

महाविद्यालय में दिनांक 21 जनवरी, 2019 को भूगोल विभाग, भौतिकी विभाग, रसायन विभाग, मनोविज्ञान विभाग, कंप्यूटर विज्ञान विभाग व गृह विज्ञान विभाग की ओर से विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सभी विभागों की छात्राओं ने इसमें बढ़–चढ़ कर भाग लिया। दिनांक 15 फरवरी, 2019 को सभी विभागों ने जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया जिसमें मनोविज्ञान तथा भूगोल विभाग की छात्राओं ने द्वितीय पुरस्कार एवं

रसायन विज्ञान की छात्राओं ने तृतीय स्थान प्राप्त करके महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया।

**विषय परिषदें व गतिविधियाँ :–**

महाविद्यालय में सभी विषयों की परिषदें गठित की गई हैं जिनके अन्तर्गत वर्षभर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। इनका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को वैचारिक, रचनात्मक एवं कलात्मक अभिव्यक्ति के अवसर प्रदान करना है। संबंधित प्राध्यापकों के संरक्षण में इन परिषदों का संचालन छात्राओं द्वारा सुचारू रूप से किया जाता है।

**व्यक्तिगत उपलब्धियाँ :–**

महाविद्यालय अपने शिक्षकों के शिक्षण स्तर में सुधार के साथ–साथ प्रशिक्षण, शोध, स्वाध्याय तथा लेखन के लिए उनको निरन्तर अवसर सुलभ करवाता है। शिक्षकों की व्यक्तिगत उपलब्धियों का विवरण इस प्रकार है–

- **श्री विकास अत्री Associate Prof. Geography** को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए भूगोल विषय में Board of Studies का सदस्य बनाया गया। इसके साथ–साथ उन्हें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के **Sports Club Committee** का सदस्य चयनित किया गया और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की बैडमिंटन टीम की चयन समिति का सदस्य बनाया गया। इसके अतिरिक्त उन्होंने दिनांक 22 से 24 फरवरी, 2019 तक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सैक्टर–1, पंचकूला द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेस में एक सत्र की अध्यक्षता की।

- **डॉ0 बलवान चहल Associate Prof. English** ने के.वी.ए.डी.ए.वी. महिला महाविद्यालय, करनाल द्वारा आयोजित अर्न्तराष्ट्रीय संगोष्ठी में **Could Ophelia's Victimization be averted? An Introspection of Hamlet** विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

- **डॉ0 पूनम बागी Associate Prof. Psychology** ने राजकीय महिला महाविद्यालय, करनाल द्वारा आयोजित एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में **Gender Stereotypes in India Drivers** विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया। साथ ही **National Association of Psychological Science India** और **Deptt. of Pscyhology and Deptt. of Anthropology** पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ द्वारा आयोजित मनोविज्ञान साईंस कांफ्रेस में **Academic Achievement and Psychological well being : A study of college students** विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। इसके साथ–साथ उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित अर्न्तराष्ट्रीय कांफ्रेस में **Tridosha Theory : A study of Adult Temperament** विषय पर एक शोध–पत्र प्रस्तुत किया और गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अंबाला कैंट द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में **Challenges in Gender Sensitization** विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त इन्होंने डी.ए.वी. कॉलेज, करनाल में असिस्टैंट प्रोफेसर, मनोविज्ञान के पद हेतु हुए साक्षात्कार में विषय विशेषज्ञ की भूमिका निभाई।

- **डॉ0 नवीन बत्तरा Associate Prof. Hindi** ने हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा आयोजित **HTET** की लेवल 2 एवं लेवल 3 की परीक्षा की उत्तर कुंजी (**Answer Key**) का विश्लेषण करने में विषय–विशेषज्ञ की भूमिका निभाई। इसके साथ–साथ दिनांक 10 जनवरी से 14 जनवरी, 2019 तक राजकीय महिला महाविद्यालय, करनाल द्वारा आयोजित युवा रैड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर में सक्रिय प्रतिभागिता की। इसके अतिरिक्त उन्होंने दिनांक 28 जनवरी, 2019 को डी.ए.वी. कॉलेज, करनाल द्वारा आयोजित एव दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में एक सत्र में मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई और दिनांक 23 फरवरी, 2019 को डी.ए.वी. कॉलेज, पूंडरी द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में एक सत्र की अध्यक्षता की।

- **डॉ0 डिम्पल Associate Prof. English** ने राजकीय महिला महाविद्यालय, करनाल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में **Traffic Rules** विषय पर एक शोध–पत्र प्रस्तुत किया। इसके साथ–साथ उन्होंने पं. चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल द्वारा आयोजित **HIV/AIDS Awareness** विषय पर आधारित कार्यशाला में सक्रिय भाग लिया और एस.ए. जैन कॉलेज, अम्बाला द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में **AIDS Awareness Programmes for Women and Suggestions to cure this dreadful disease** विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

- **श्रीमती सुनीता शर्मा Assistant Prof. English** ने राजकीय महिला महाविद्यालय, करनाल द्वारा आयोजित एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में **Road Accidents and Measures** विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया। इसके साथ–साथ उनका एक शोध–पत्र **Theme of Identity in Mulk Raj Anand's Novels** अन्तर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका में प्रकाशित हुआ।

- **डॉ0 भारती Assistant Prof. Music (I)** ने राजकीय महिला महाविद्यालय, करनाल द्वारा आयोजित एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में **'Road Safety Awareness'** विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया। इसके साथ–साथ उन्होंने **Indian Red Cross Society** द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय शिविर में सक्रिय भागीदारी की। इसके अतिरिक्त देशबन्धु राजकीय महाविद्यालय, पानीपत द्वारा आयोजित सेमिनार में **फ़िल्मी संगीत द्वारा विभिन्न रसों की उत्पत्ति** विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया और दयालबाग विश्वविद्यालय, आगरा में यू.जी.सी. द्वारा दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में **'संगीत में विज्ञान एवं टैक्नोलॉजी'** विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

- **डॉ0 विदुषा Assistant Professor Sanskrit** ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के श्रीमद् भगवदगीता सदन में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''युवा एवं गीतादर्शन'' विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया। साथ ही उन्होंने राजकीय महिला महाविद्यालय, करनाल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में **''सड़क सुरक्षा नीति एवं व्यवहार''** विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया और

दयानन्द महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में **'वाल्मीकि रामायण के दर्पण में भवभूतिकृत उत्तररामचरितम्'** विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त पं0 चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में **''संस्कृत भाषा के अध्ययन एवं अध्यापन की चुनौतियाँ तथा समाधान''** विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया। इसके साथ–साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के श्रीमद्भगवद्गीता सदन में आयोजित **"Telangana Haryana Culture, Exchange Art Culture and History of Telangana"** शीर्षक गोष्ठी में आयोजक समिति की सदस्य के रूप में प्रतिभागिता की और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के मानव संसाधन विकास केन्द्र में चलने वाले **Orientation Course** में सक्रिय प्रतिभागिता की।

- **डॉ0 एकता अरोड़ा Assistant Prof. Chemistry** ने राजकीय महिला महाविद्यालय, करनाल द्वारा आयोजित एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में **The Science of Road Rage** विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया। इसके साथ–साथ इन्हें दयाल सिंह कॉलेज, करनाल द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में **Organoselenium Compounds from Poison to Drug Candidates** विषय पर **Best Poster Presentation Award** से सम्मानित किया गया।

***************

# आभार–प्रदर्शन

इस अवसर पर मैं अतिरिक्त मुख्य सचिव उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा श्री अनिल कुमार, आई0ए0एस0 तथा महानिदेशक, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा श्री ए0 श्रीनिवास, आई0ए0एस0, जो महाविद्यालय के विकास कार्यो में निरन्तर सहयोग करते हैं, के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ। मैं करनाल के उपायुक्त महोदय श्री विनय प्रताप सिंह, आई0ए0एस0 के प्रति भी हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करती हूँ, जो महाविद्यालय की गतिविधियों में सदैव रुचि लेते हैं। जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, PWD (B&R) पब्लिक हैल्थ, बिजली विभाग के सभी अधिकारियों के प्रति भी मैं हृदय से कृतज्ञ हूँ, जो सदैव महाविद्यालय के कार्यो में तत्पर रहते हैं।

मीडिया के सभी बन्धुओं, जो महाविद्यालय की गतिविधियों में रुचि लेकर उन्हें प्रचारित व प्रसारित करते हैं, के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ। इस वार्षिक रिपोर्ट का संकलन डॉ0 नवीन बत्तरा एवं डॉ0 विदुषा ने किया है, उनका भी मैं आभार व्यक्त करती हूँ। महाविद्यालय को व्यवस्थित रूप से चलाने में मुझे समस्त स्टॉफ, कर्मचारियों व छात्राओं का सहयोग प्राप्त होता है, मैं इन सभी का भी धन्यवाद करती हूँ। अंत में मैं पुनः आप सबका यहाँ पहुँचने पर हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ।

**जय हिन्द।**

**(डॉ0 (श्रीमती) अनुराधा पूनिया)**
**प्राचार्या**
**राजकीय महिला महाविद्यालय, करनाल**

# राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, करनाल

## वार्षिक रिपोर्ट

## सत्र 2017-18

अप्रैल 1998 में अपने वर्तमान स्वरूप में आया राजकीय महिला महाविद्यालय, करनाल ब्रिटिश सरकार द्वारा निर्मित नॉरमल स्कूल के भवन में स्थापित है। वर्ष 2008 में हरियाणा सरकार ने इस महाविद्यालय का चयन ऐसे 25 महाविद्यालयों में किया जिन्हें सर्वोत्कृष्ट शिक्षा संस्थानों के रूप में विकसित किया जा रहा है। कला एवं वाणिज्य संकायों से शुरूआत करने वाला यह महाविद्यालय अब विज्ञान एवं अन्य रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की शिक्षा भी प्रदान करने लगा है तथा शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में नई ऊँचाइयों को छूकर यह क्षेत्र का एक लोकप्रिय शैक्षणिक संस्थान बन चुका है। महाविद्यालय की छात्राओं को आधुनिक व आर्थिक उदारीकरण के इस युग में अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से वर्ष 2010-11 से B.Sc. (Non-Med.), B.Sc. (Comp. Sc.) एवं M.Com. के पाठ्यक्रम शुरू किए गए। सभी पाठ्यक्रमों में प्रति वर्ष प्रवेश की निम्नतम प्रतिशत काफी ऊँची रहती है। इसके अतिरिक्त सत्र 2012-13 से छात्राओं की English Communication Skills सुदृढ़ करने हेतु Functional English ऐच्छिक विषय के रूप में शुरू किया गया है। इसी दिशा में अंग्रेजी में स्नातक स्तर पर Honours Degree Course भी शुरू किया गया है ताकि अंग्रेजी भाषा में रूचि रखने वाली छात्राओं को इसका लाभ मिल सके। इसके साथ–साथ एम0एस0सी0 भूगोल भी महाविद्यालय में आरभ हो चुकी है।

वर्तमान में महाविद्यालय में अध्ययन कक्षों की कोई कमी नहीं है। इसके साथ–साथ अन्य सुविधाओं जैसे प्रयोगशालाएँ, Faculty Rooms आदि भी पर्याप्त संख्या में बनाए गए हैं। अतः पठन–पाठन हेतु एक सर्वश्रेष्ठ वातावरण है। इसके

साथ–साथ महाविद्यालय प्रांगण में अनुशासन बनाए रखने एवं बाहरी तत्वों पर निगरानी रखने के लिए C.C.T.V. कैमरे लगवाए गए हैं। महाविद्यालय में भू–जल स्तर में सुधार एवं जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए दो Water Harvesting Units लगवाए गए हैं।

**अध्ययन संकाय, विषय तथा स्टॉफ स्थितिः–**

यह महाविद्यालय एक बहु संकाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय है जिसमें स्नातक स्तर पर कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं कंप्यूटर डिग्री पाठ्यक्रम तथा स्नातकोत्तर स्तर पर एम0ए0हिन्दी, एम0ए0 संगीत, एम0एस0सी0 भूगोल तथा एम0कॉम0 की शिक्षा दी जाती है। इसके अतिरिक्त BBA, BCA तथा Add-on Courses के रूप में Food and Nutrition तथा Garment Designing के courses भी उपलब्ध है। इस सत्र में महाविद्यालय में स्नातक कक्षाओं में 2410 तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं में 189 छात्राएं अध्ययनरत हैं। शैक्षणिक व अन्य कार्यो को सुचारू रूप से चलाने हेतु 51 नियमित Assistant/Associate Prof. कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त शैक्षणिक कार्यभार के वहन हेतु Extention Lecture के आधार पर 35 शिक्षकों की सेवाएं ली जा रही है। सभी विषयों की पढ़ाई सुचारू रूप से चलाने के लिए महाविद्यालय में सुविधाजनक अध्ययन कक्ष व आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाओं का निर्माण किया गया है।

महाविद्यालय के शिक्षकों की लगन व गुणात्मक शिक्षण तथा छात्राओं के परिश्रम के फलस्वरूप महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम प्रतिशत विश्वविद्यालय के परीक्षा परिणाम प्रतिशत से सदैव बेहतर रहता है। प्रति वर्ष महाविद्यालय की छात्राएं विश्वविद्यालय की मैरिट लिस्ट में स्थान पाती हैं।

**विशिष्ट उपलब्धि :–**

यह महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है कि एम0ए0 हिन्दी की छात्रा लुकेश शर्मा ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मैरिट सूची में प्रथम स्थान पाया है। इस छात्रा की इस उपलब्धि से महाविद्यालय का नाम रोशन हुआ है। महाविद्यालय को लुकेश शर्मा पर गर्व है।

इसके साथ–साथ एम0ए0 हिन्दी की छात्रा कोमल गोरसी ने भी मैरिट सूची में ग्यारहवां स्थान प्राप्त करके महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है।

**Proctorial Duties:-**

महाविद्यालय में अनुशासन बनाए रखने एवं शैक्षणिक कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्राचार्या की देख रेख में सभी शिक्षक अपनी–अपनी Proctorial Duties अत्यन्त निष्ठा एवं लगन से निभाते हैं।

**Mentor Mentees Group:-**

महाविद्यालय की छात्राओं को कुल 69 Mentor Mentees Groups में विभाजित किया गया है। प्रत्येक Group का इन्चार्ज एक शिक्षक/शिक्षिका को बनाया गया है जो छात्राओं की व्यक्तिगत और शैक्षणिक समस्याओं का निदान करते हैं तथा उन्हें व्यवसाय, रोजगाार, शिक्षा तथा समसामयिक विषयों संबंधी जानकारी प्रदान करते हैं। Mentor Mentees Groups से गुरू–शिष्य संबंध भी प्रगाढ़ होते हैं। इस सत्र में ये कक्षाएँ नियमित रूप से डॉ. नीलम तुरान की देख–रेख में लगवाई जाती रही हैं।

**छात्रवृत्ति एवं अन्य सहायता राशि :–**

हरियाणा सरकार व विभिन्न संस्थानों से छात्राओं को शैक्षणिक क्षेत्र में प्रोत्साहन देने हेतु छात्रवृत्तियाँ और अन्य सहायता राशि प्राप्त होती है। सत्र 2017–18 में अनुसूचित वर्ग की छात्राओं के लिए Consolidated Stipend Scheme के अन्तर्गत 80,56,000/- रू0 की राशि प्राप्त हुई जो कि 575 छात्राओं में वितरित की जा चुकी है। पिछड़े वर्ग की छात्राओं को Post Matric Scholarship के रूप मे 6,67,167/– रूपये की राशि प्राप्त होनी है जो 262 छात्राओं को वितरित की जाएगी। इसके अतिरिक्त हरियाणा स्टेट मेरिट स्कॉलरशिप स्कीम के अन्तर्गत U.G & P.G कक्षाओं की छात्राओं को 2,45,600/–रू0 की छात्रवृत्ति राशि प्रदान की गई है।

**अनुदान राशि :–**

महाविद्यालय में बर्सर के दायित्व का निर्वहन श्री सुरेश कुमार जी ने अत्यन्त कुशलता पूर्वक किया है। महाविद्यालय में सत्र 2017–18 में हरियाणा सरकार से प्राप्त अनुदान राशियों का उपयोग नियमानुसार महाविद्यालय में विभिन्न सुविधाओं एवं Infrastructure के विस्तार करने एवं इन्हें समृद्ध बनाने में किया गया।

**Grants Received 2017-18**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Library | -- | 4,00,000/- |
| 2. | Women Cell | -- | 1,40,000/- |
| 3. | Lab. upgradation | -- | 2,50,000/- |
| 4. | Educational Tours | -- | 1,00,000/- |
| 5. | Placement Cell | -- | 88,000/- |
| 6. | Science Exhibition | -- | 40,000/- |
| 7. | Earn While you Learn | -- | 1,25,000/- |
| 8. | Sports Ativities | -- | 1,40,000/- |
| 9. | Cultural Activites | -- | 30,000/- |

**सांस्कृतिक गतिविधियाँ :–**

सांस्कृतिक गतिविधियों में महाविद्यालय की छात्राएं प्रतिवर्ष नए मानदण्ड स्थापित कर रही हैं। इस सत्र में छात्राओं ने राज्य व विश्वविद्यालय स्तरीय अनेक गतिविधियों में भाग लिया और श्रेष्ठ प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस वर्ष की सांस्कृतिक गतिविधियों का विवरण इस प्रकार हैः–

- दिनांक 8.9.2017 व 9.9.2017 को महाविद्यालय में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की

छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त किए।

- दिनांक 2.10.2017 से 4.10.2017 तक राजकीय महाविद्यालय, इसराना द्वारा आयोजित क्षेत्रीय युवा महोत्सव में महाविद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणवी एकल में द्वितीय, हरियाणवी समूहगान में तृतीय, समूहगान सामान्य में तृतीय, परम्परागत गायन में द्वितीय एवं लोकगीत में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- दिनांक 11.11.2017 व 12.11.2017 को महाविद्यालय की छात्रा ने Inter Zonal Youth Festival में भाग लिया।
- नवम्बर माह में छात्राओं ने गुरु नानक खालसा कॉलेज, करनाल में शब्दगायन प्रतियोगिता में भाग लिया और तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- दिनांक 23.11.2017 से 25.11.2017 तक चलने वाली राज्य स्तरीय ओपन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया जिसमें उन्हें लोकगीत में प्रथम, सितार वादन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तथा तबला वादन में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।
- दिनांक 9.2.2018 को छात्राओं ने माता सुन्दरी खालसा कॉलेज, निसिंग में एकल नृत्य में भाग लिया।
- दिनांक 15.2.2018 को महाविद्यालय की छात्राओं ने गुरु नानक खालसा कॉलेज, करनाल में लोकनृत्य (एकल) में भाग लिया एवं सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।
- दिनांक 19.2.2018 एवं 20.2.2018 को महाविद्यालय में 'बसन्त दरबार' नामक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने गायन, वादन एवं नृत्य प्रतियोगिताओं में भाग लिया और प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- दिनांक 26.3.2018 को के.वी.ए.डी.ए.वी. गर्ल्स कॉलेज, करनाल में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने भारतीय परम्परागत गायन में

प्रथम, भारतीय परम्परागत तबला वादन में द्वितीय एवं भजन गायन में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**साहित्यिक उपलब्धियाँ :–**

समय–समय पर होने वाली विभिन्न राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय एवं अंतर्महाविद्यालयी साहित्यिक प्रतियोगिताओं में भी हमारे महाविद्यालय की छात्राएं अपनी सक्रिय भागेदारी से महाविद्यालय का गौरव बढ़ाती रहती है। इस सत्र में डॉ0 नवीन बÙारा के निर्देशन में इन छात्राओं की उपलब्धियाँ सराहनीय रही हैं, जिनका विवरण निम्नलिखित है–

- दिनांक 20 अक्टूबर 2017 को माता सुंदरी खालसा गर्ल्स कॉलेज निसिंग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा अलिशा ने द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए 700/रूपये का नकद पुरस्कार पाया।
- दिनांक 6 नवंबर 2017 को जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा के.वी.ए.डी.ए. वी गर्ल्स कॉलेज करनाल में जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्रा प्रतिभा ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।
- दिनांक 9 नवंबर 2017 को जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से दयाल सिंह कॉलेज, करनाल में आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा प्रतिभा ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।
- दिनांक 25 जनवरी 2018 को मुख्य निर्वाचन कार्यालय हरियाणा सरकार द्वारा राजकीय महाविद्यालय, पंचकूला में राज्य स्तरीय समारोह में महाविद्यालय की छात्रा प्रतिभा को राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल करने पर सम्मानित किया गया और 2000/– रूपये का नकद पुरस्कार भी प्रदान किया गया।
- दिनांक 16 मार्च 2018 को दयाल सिंह कॉलेज करनाल द्वारा आयोजित डॉ. रत्न चंद्र शर्मा स्मृति राज्य स्तरीय अंतर्महाविद्यालयी हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं प्रतिभा एवं भारती ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजयोपहार ट्राफी जीतकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया।
- दिनांक 26 मार्च 2018 को के.वी.ए.डी.ए. वी. गर्ल्स कॉलेज, करनाल द्वारा आयोजित 'इंद्रधनुष' कार्यक्रम के अंतर्गत हुई कविता पाठ

प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा सुमिता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

- दिनांक 31 मार्च 2018 को गुरु नानक खालसा कॉलेज, करनाल द्वारा आयोजित अंतर्महाविद्यालयी हिन्दी कवितापाठ प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा सुमिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**महिला प्रकोष्ठ एवं विधि साक्षरता प्रकोष्ठ** :–

डॉ. पूनम बागी के नेतृत्व में यह प्रकोष्ठ छात्राओं को शारीरिक, बौद्धिक एवं भावनात्मक रुप से सशक्त बनाते हुए उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण भी सुलभ करवाता है ताकि वे आर्थिक रुप से स्वावलम्बी बन सकें। महिला सशक्तिकरण के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रकोष्ठ द्वारा वर्ष भर निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया–

- दिनांक 25.7.2017 को तीज महोत्सव मनाया गया जिसमें मेहन्दी व बिन्दी सजाओ प्रतियोगिताएँ करवाई गई।
- दिनांक 5.8.2017 को रक्षाबन्धन महोत्सव मनाया गया जिसमें थाली सजाओ व राखी बनाओ प्रतियोगिताएँ करवाई गईं।
- दिनांक 16.8.2017 को 'सड़क सुरक्षा और पर्यावरण सुरक्षा' विषय पर विस्तार भाषण का आयोजन करवाया गया जिसमें मुख्य वक्ता श्रीमती मिन्नी मेहता द्वारा व्याख्यान दिया गया।
- दिनांक 19.8.2017 को Senior Citizen, Fundamental Duties व कानूनी सहायता विषय पर विस्तार भाषण का आयोजन करवाया गया।
- 28.8.2017 से 31.8.2017 तक तीन दिवसीय हस्तशिल्प कार्यशाला का आयोजन करवाया गया जिसमें गृह–सज्जा, पोट सज्जा, शीशा पेन्टिंग, फैबरिक पेन्टिंग आदि का प्रशिक्षण दिया गया।
- दिनांक 7.9.2017 को महिला प्रकोष्ठ के द्वारा 'युवावस्था व मानसिक स्वास्थ्य' विषय पर व्याख्यान का आयोजन करवाया गया जिसमें डॉ. सी. आर. डरौलिया, प्रोफेसर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र ने व्याख्यान दिया।

- दिनांक 9.9.2017 को 'महिला सशक्तिकरण' विषय पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।
- दिनांक 16.9.2017 को मुक्त कानूनी सहायता व कानूनी रुप से पत्नी व बच्चों को Maintenance Allowance किस प्रकार प्रदान किया जा सकता है आदि विषयों पर श्री दीपक आर्य वकील DLSA ने विस्तार भाषण दिया।
- दिनांक 29.9.2017 को दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में 'सांझी व रंगोली बनाओ' प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया।
- दिनांक 7.10.2017 को काव्य पाठ, भाषण प्रतियोगिता व मेहन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया।
- दिनांक 13.10.2017 को हस्तशिल्प कार्यशाला का आयोजन करवाया गया तदुपरान्त दीया सजाओ, कढ़ाई एवं आभूषण–सज्जा आदि प्रतियोगिताएं करवाईं गईं।
- दिनांक 14.10.2017 को 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' तथा 'मानसिक स्वास्थ्य' विषय पर पोस्टर व नारा लेखन प्रतियोगिताएँ करवाई गईं एवं मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह मनाया गया।
- नवम्बर माह में राज्य स्तरीय निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों के 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- दिनांक 16.1.2018 से 18.1.18 तक NDRI करनाल की तकनीकी सहायक श्रीमती दीपा चन्द्रा ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार के अचार, मुरब्बे, चटनी आदि बनाने सिखाए।
- दिनांक 11.1.2018 से 23.1.2018 तक श्री अजय लाठर जी के द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया।
- दिनांक 11.1.2018 से 23.1.2018 तक दस दिवसीय नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- दिनांक 7.2.2018 को Microwave Cooking कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- दिनांक 7.3.2018 को नारा लेखन प्रतियोगिता व महिला दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय की प्राध्यापिकाओं डॉ. पूनम बागी, डॉ. वेदवती द्वारा विस्तार भाषण दिए गए।
- दिनांक 8.3.2018 को महिला दिवस मनाया गया जिसके अन्तर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।
- दिनांक 12.3.2018 को मीनाक्षी गुप्ता, वकील DLSA करनाल, ने छात्राओं को स्त्रियों के प्रति हिंसा विरुद्ध अभियान के अन्तर्गत

महिलाधिकार, घरेलू हिंसा, Woman Rights, Domestic Violence आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक बताया।

**<u>खेल–कूद से संबंधित गतिविधियॉं</u> :–**

छात्राओं के ज्ञानवर्धन के साथ–साथ महाविद्यालय उनके शारीरिक कौशल का विकास करने का पुरजोर प्रयास कर रहा है। शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा छात्राओं को खेल–कूद की स्पर्धाओं में भाग लेने एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु निरंतर प्रेरित किया जाता है। खेलों के स्तर को समृद्ध करने एवं छात्राओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने हेतु महाविद्यालय में एक Sports Board कार्यरत है। इस सत्र में शारीरिक शिक्षा विभाग की निम्नलिखित गतिविधियाँ एवं उपलब्धियाँ रही–

- दिनांक 11.9.2017 को महाविद्यालय की छात्राओं ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में आयोजित अन्तः महाविद्यालय योगाभ्यास प्रतियोगिता में भाग लिया।
- दिनांक 1.10.2017 को महाविद्यालय की क्रॉस कन्ट्री टीम ने खेल विभाग कुरुक्षेत्र विद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित क्रॉस कन्ट्री प्रतियोगिता में भाग लिया।
- दिनांक 3.11.2017 को महाविद्यालय की खिलाड़ियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र की वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की।
- दिनांक 24.12.2017 से 25.12.2017 तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में आयोजित अन्तः महाविद्यालय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में महाविद्यालय की जिम्नास्टिक टीम ने कांस्य पदक प्राप्त किया।
- महाविद्यालय की छात्रा कुमारी कविता ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में आयोजित अखिल भारतीय अन्तः विश्वविद्यालय प्रतियोगिता 2017–18 (जिम्नास्टिक) में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

- दिनांक 13.3.18–16.3.18 तक पं. चि. लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल में आयोजित राज्य स्तरीय अन्तः महाविद्यालय वॉलीबाल प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम ने प्रतिभागिता की।

- दिनांक 19.3.18 से 21.3.18 तक पं. चि. लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल में आयोजित अन्तः महाविद्यालय वॉलीबाल प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम ने भाग लिया।

- दिनांक 26.1.2018 से 30.1.2018 तक मनाली में आयोजित शिशिर साहसिक कार्य शिविर में महाविद्यालय की 5 छात्राओं ने भाग लिया।

महाविद्यालय में 05 व 06 नवम्बर, 2017 को वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 200 छात्राओं ने 19 खेल स्पर्धाओं में भाग लिया। प्रत्येक स्पर्धा के लिए प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिए गए। खेलों के प्रति अधिक से अधिक छात्राओं को प्रोत्साहित करने के Best Athletes का चयन कर उन्हे पुरस्कृत किया जाता है। इस वर्ष बी0ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा रानी ने महाविद्यालय की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने का गौरव प्राप्त किया।

**<u>पुस्तकालय</u> :–**

महाविद्यालय का पुस्तकालय इग्नू द्वारा खाली किए गए बड़े हॉल में स्थापित किया गया है जिसमें प्राध्यापकों एवं स्नातक तथा स्नातकोत्तर छात्राओं के लिए अलग–अलग अध्ययन–कक्ष बनाए गए हैं। पुस्तकालय में इस समय 14,465 पुस्तकें उपलब्ध है जिनका लाभ प्रतिदिन 70–80 टीचिंग एवं नॉन–टीचिंग स्टॉफ सदस्यों तथा प्रतिदिन 500 से 700 छात्राओं द्वारा उठाया जाता है। वर्तमान सत्र में हरियाणा सरकार से प्राप्त 4,00,000/– रूपये की अनुदान राशि से 1,00,168/– रूपये, 1,25,354/– रूपये का एक कंप्यूटर प्रिंटर तथा 67,260/– रूपये से Books Automation की व्यवस्था की गई तथा 61,608 रूपए वाटर कूलर और 45,610 रूपए से कुर्सियाँ खरीदी गईं। पुस्तकालय में इस समय 12 समाचार पत्र एवं सामान्य ज्ञान, प्रतियोगिता परीक्षाओं तथा पर्यावरण–विज्ञान आदि विषयों से समबन्धित 16 पत्रिकाएं मंगवाई जा रही है।

पुस्तकालय का पूर्णतया Computerization किया जा चुका है तथा पुस्तकों का आदान–प्रदान कंप्यूटर द्वारा किया जा रहा है। छात्राओं को पुस्तकालय के अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करने हेतु प्रति वर्ष “Best User of Library” नामक पुरस्कार दिया जाता है। इस वर्ष का यह पुरस्कार सोनिया बी0एस0सी0 द्वितीय वर्ष रोल नं0 94480056 को दिया जा रहा है।

**राष्ट्रीय सेवा योजना** :–

महाविद्यालय में एन0एस0एस0 की दो ईकाइयों में कुल 200 स्वयं सेवक छात्रायें पंजीकृत हैं। ये ईकाइयॉँ डॉ0 मीरा एवं डॉ0 विदुषा के कुशल नेतृत्व में उत्कृष्ठ कार्य कर रही हैं। इसके माध्यम से छात्राओं में श्रम के प्रति सम्मान की भावना जागृत करने एवं सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जाता है। सत्र 2017–18 में एन0एस0एस0 की दोनों ईकाइयों के स्वयं सेवकों द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनका विवरण इस प्रकार है–

- दिनांक 5.6.2017 को ‘विश्व पर्यावरण दिवस’ के अवसर पर प्रतिभागियों को ‘पर्यावरण सुरक्षा’ के प्रति सचेत करने के उद्देश्य से ‘भाषण प्रतियोगिता’ का आयोजन किया गया एवं पर्यावरण सुरक्षा हेतु शपथ दिलाई गई।
- दिनांक 21.6.2017 को योगदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी एवं प्रोफेसर विकास अत्री के निर्देशन में 50 स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय में आयोजित योगकक्षा में भाग लिया।
- दिनांक 31.7.2017 को महाविद्यालय से मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई।
- दिनांक 1.8.2017 से 15.8.2017 तक राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा के रुप में मनाया गया जिसके अन्तर्गत निम्नलिखित गतिविधियाँ सम्पन्न हुई।
  - क) दिनांक 1.8.2017 को स्वयं सेविकाओं के दल बनाकर उन्हें महाविद्यालय के विविध भागों की स्वच्छता का दायित्व सौंपा गया।
  - ख) दिनांक 2.8.17 को 75 स्वयं सेविकाओं को स्वच्छता हेतु शपथ दिलाई गई।
  - ग) दिनांक 8.8.2017 को ‘स्वच्छ भारत’ विषय पर ‘विज्ञापन लेखन प्रतियोगिता’ का आयोजन किया गया।

घ) दिनांक 9.8.2017 को स्लोगन लेखन प्रतियोगिता करवायी गयी।

ड.) दिनांक 15.8.2017 को प्रतिभागी स्वयं सेविकाओं को प्राचार्या श्रीमती कुलविन्दर कौर द्वारा सम्मानित किया गया एवं 'स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत' हेतु रैली को हरी झण्डी दिखाई।

- दिनांक 21.8.2017 को प्राचार्या श्रीमती कुलविन्दर कौर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना परामर्श समिति की बैठक हुई जिसमें सत्र 2017–18 में स्वयं सेविकाओं की विविध गतिविधियों में प्रतिभागिता हेतु मानदण्ड निर्धारित किए गए।
- दिनांक 21.8.2017 को 'सद्भावना दिवस' के अवसर पर हिन्दी एवं अंग्रेजी निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 15.9.2017 को अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति दिवस के उपलक्ष्य में 'ध्वनि प्रदूषण' एवं 'वसुधैव कुटुम्बकम्' विषयों पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में दिनांक 22.9.2017 को आयोजित पूर्व गणतन्त्र दिवस प्रशिक्षण शिविर में कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 विदुषा के साथ 4 स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया जिसमें 2 प्रतिभागियों का अग्रिम स्तर पर शिविर हेतु चयन हुआ।
- दिनांक 24.9.2017 को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के उपलक्ष्य पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में स्वयं सेविका कुमारी निशा को गीत प्रस्तुति हेतु सम्मानित किया गया।
- दिनांक 5.10.2017 को कु0 महक एवं निशा पूर्व गणतन्त्र दिवस चुनाव शिविर में भाग लेने हेतु डॉ0 विदुषा के साथ हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार गई।
- दिनांक 6.10.2017 को महाविद्यालय में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पौधों की देख–रेख, प्रयोगशालाओं की सफाई इत्यादि कार्य किए गए। N.C.C. अधिकारी प्रो0 अनीता जून ने स्वयं सेविकाओं को रक्तदान हेतु प्रेरित किया एवं प्राथमिक चिकित्सा के सन्दर्भ में आवश्यक निर्देश दिए गए। डॉ0 मीरा द्वारा स्वयंसेवकों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।
- दिनांक 25.10.2017 को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा आयोजित पूर्व गणतन्त्र दिवस शिविर में स्वयं सेविका कुमारी महक ने भाग लिया।

- दिनांक 5.12.2017 को प्राचार्या श्रीमती कुलविन्दर कौर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना परामर्श समिति की बैठक हुई जिसमें सात दिवसीय (दिन–रात्रि) शिविर से सम्बन्धित व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया गया।
- दिनांक 12.1.2018 को 'युवा दिवस' के अवसर पर स्वयं सेविकाओं ने 'स्वामी विवेकानन्द के जीवन एवं कार्य' तथा 'मोबाइल के लाभ एवं हानियाँ' विषय पर समूह चर्चा की।
- दिनांक 26.1.2018 को गणतन्त्र दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में एकदिवसीय स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेविकाओं द्वारा महाविद्यालय परिसर की सफाई की गई।
- इसके अतिरिक्त 25 स्वयं सेविकाओं ने कर्ण स्टेडियम, करनाल में गणतन्त्र दिवस के जिलास्तरीय आयोजन के अवसर पर परेड में प्रतिभागिता की।

**सात दिवसीय (दिन–रात्रि) शिविर**

दिनांक 24.2.2018 से 3.3.2018 तक सात दिवसीय दिन–रात्रि NSS शिविर का आयोजन हुआ। जिसका मुख्य उद्देश्य वित्तीय साक्षरता था। इस शिविर में विविध विषयों पर उपयोगी एवं महत्त्वपूर्ण व्याख्यान रखे गए। महाविद्यालय परिसर की सफाई एवं पौधों की देख–रेख हुई। विविध विषयों पर निबन्ध, विज्ञापन एवं उद्‌घोष लेखन, समूह गीत, प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 'प्राथमिक चिकित्सा एवं गृह परिचर्चा' पर विशेष प्रशिक्षण हुआ।

एन0सी0सी0ः–

महाविद्यालय में डॉ0 अनिता जून के नेतृत्व में एक आर्मी विंग स्थापित है जो 7 हरियाणा बटालियन एन0सी0सी0 की श्रृंखला है। जिसमें 106 एन0सी0सी0 कैडेट्स Enrolled हैं। एन0सी0सी0 की कैडेट्स ने वर्ष भर विभिन्न शिविरों एवं गतिविधियों में भाग लिया तथा सामाजिक कुरीतियों के विरूद्ध जागरूकता अभियान और रक्त दान जैसे महान कार्यों में उत्साहपूर्वक भागीदारी की, जिनका विवरण इस प्रकार हैः–

- दिनांक 21.6.17 को दयाल सिंह महाविद्यालय करनाल में "अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस" में एन0 सी0 सी0 कैडेट्स ने भाग लिया तथा बटालियन योग प्रमाण पत्र प्राप्त किया।
- दिनांक 13.7.17 से 22.7.17 तक 34 एन. सी. सी. कैडेट्स ने CATC कैम्प में भाग लिया।

- महाविद्यालय की 2 एन. सी. सी. कैडेट्स ने थल सेना कैम्प GIMT कनिपला (कुरुक्षेत्र) में भाग लिया।
- 31.7.17 को एन. सी. सी. कैडेट्स द्वारा "मतदाता जागरुकता" के उपलक्ष्य में रैली निकाली गयी जिसे डॉ. नवीन बत्रा (एसो. प्रो. हिन्दी) ने सम्बोधित किया।
- दिनांक 15.8.2017 को जिला प्रशासन परेड में एन0सी0सी0 कैडेट्स ने भाग लिया।
- जून 2017 में 28 कैडेट्स को एन0सी0सी0 परीक्षा में प्रमाण पत्र बटालियन द्वारा प्रदान किया गया।
- 'B' Certificate परीक्षा में 36 कैडेट्स द्वारा प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया जिसमें 29 कैडेट्स को Grade 'A' मिला।
- "स्वच्छता सिद्धि पखवाड़ा" स्वच्छ भारत के उपलक्ष्य में दिनांक 18.9.17 को रैली का आयोजन किया जिसमें कैडेट्स द्वारा भाग लिया गया।
- दिनांक 18.9.17 से 2.10.17 तक 4 कैडेट्स ने Military Hospital Ambala में Nursing Camp में भाग लिया।
- दिनांक 31.10.2017 को सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस पर RUN FOR UNITY के उपलक्ष्य में कैडेट्स ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ग्रहण की तथा रैली निकाली।
- 10 7.11.17 को NCC Cadets ने Road Safety से सम्बन्धित लिखित परीक्षा दी जिसे जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किया गया।
- दिनांक 19.11.17 को एन. सी. सी. दिवस मनाया गया।
- दिनांक 26.1.18 को 30 कैडेट्स ने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया।
- दिनांक 11.2.18 को 32 एन. सी. सी. कैडेट्स ने S.D. College Ambala में 'C' सर्टिफिकेट परीक्षा दी।

**युवा रैड क्रॉस :–**

- दिनांक 17.7.2017 को रैडक्रास सोसायटी के संस्थापक जान हेनरी डुनेट के जन्मदिवस के अवसर पर रैडक्रॉस दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं को कागजी ध्वजाएँ वितरित की गईं तथा रैडक्रॉस के इतिहास से परिचित करवाया गया।

- दिनांक 11.10.2017 को विज्ञापन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें 35 छात्राओं ने भाग लिया।

- दिनांक 19.2.18 को रेडक्रॉस कोष से 90 निर्धन छात्राओं को शाल वितरित किए गए।
- दिनांक 12.3.18 से 16.3.18 तक डी.ए.वी. स्नातकोतर महाविद्यालय करनाल में आयोजित सात दिवसीय युवा रैडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं को भेजा गया जिसमें कुमारी सुखदीप कौर को सम्मानित किया गया और वह सर्वश्रेष्ठ महिला युवा के रूप में चयनित हुई।

**रैड रिबन क्लब :–**

रैड रिबन क्लब की अध्यक्षा डॉ0 डिम्पल के निर्देशन में क्लब द्वारा 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के अवसर पर एक विस्तृत व्याख्यान कराया गया।

- दिनांक 1.8.2017 से 15.8.2017 तक अन्तर्राष्ट्रीय युवा पखवाड़ा मनाया गया। इसके अन्तर्गत युवाचेतना से सम्बंधित विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। दिनांक 10.8.18 को डॉ. मनजीत दहिया एवं श्रीमती कान्ता रानी (चिकित्सा अधिकारी, कल्पना चावला राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय) ने HIV AIDS पर वक्तव्य किया तथा इसी विषय पर छात्राओं को लघु फिल्म भी दिखाई गई।
- दिनांक 17.8.2018 को HIV AIDS पर उद्घोष लेखन (स्लोगन राइटिंग) प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसी दिन AIDS जागरुकता रैली निकाली गई तथा मानव श्रृंखला बनाई गई।
- दिनांक 11.10.2017 को 'स्वैच्छिक रक्तदान' विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।
- दिनांक 13.10.2017 को 'स्वैच्छिक रक्तदान जागरूकता' विषय पर रैली निकाली गई जिसमें 100 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया।
- दिनांक 8.10.2018 को पं. चि. लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल में आयोजित एक दिवसीय HIV AIDS सम्बद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालय से एक महिला एवं एक पुरुष प्राध्यापक तथा 4 छात्राओं ने भाग लिया।

- दिनांक 19.1.2018 को HIV AIDS पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**<u>Placement and Personality Development Cell</u> :-**

आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में महाविद्यालय में छात्राओं को रोजगार एवं व्यवसाय संबंधी परामर्श प्रदान करने हेतु एवं व्यक्तित्व के सम्पूर्ण विकास के उद्देश्य से यह प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है जोकि श्री विकास अत्री की देख रेख में सुचारू रूप से कार्य कर रहा है। वर्षभर प्रकोष्ठ द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनका विवरण इस प्रकार है–

- दिनांक 23.8.2017 को 'व्यवहार एवं स×चार कौशल' विषय पर लीप स्कूल अकादमी, नई दिल्ली के सहयोग से संगोष्ठी एवं संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया जिसमें 139 छात्राओं नें भाग लिया।
- दिनांक 11.9.2017 को APIIT पानीपत के सहयोग से सामान्य अभिरुचि परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें 139 विद्यार्थियों ने भाग लिया।
- दिनांक 25.9.2017 को D.I.E.T समालखा पानीपत में आयोजित Cap Gemini Campus Placement Drive में 12 छात्राओं ने भाग लिया।
- दिनांक 12.10.2017 को I.C.I.C.I अकादमी की सहायता से 'आजीविका बोध एवं व्यवहार कौशल' विषय पर संगोष्ठी एवं संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया जिसमें 178 छात्राओं ने भाग लिया।
- दिनांक 10.11.2017 को उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा प्रायोजित, पं. नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक में आयोजित रोजगार मेले में 52 छात्राओं ने भाग लिया।
- दिनांक 8.1.2018 से 5.2.2018 तक महाविद्यालय में 'गणितीय एवं तार्किक विचार' विषय पर 44 कक्षाओं का आयोजन किया गया जिसमें 156 छात्राओं ने भाग लिया।

- दिनांक 8.2.2018 को Career Launchers, करनाल के सहयोग से 'आजीविका बोध' विषय पर संगोष्ठी एवं 'प्रतिभाखोज प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया।
- दिनांक 17.2.2018 को महाविद्यालय में D.I.E.T पानीपत की सहायता से रोजगार योग्यता परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें 111 छात्राओं ने भाग लिया।
- दिनांक 22.2.2018 को 'Career Chaupal' शीर्षक कार्यक्रम के अन्तर्गत Career Awareness and Job Opportunities After Graduation विषय पर संगोष्ठी हुई। डॉ. सुमन म×जरी (I.P.S. Retd.) Dr. U.H. Sharma (Sr. Manager PNB), श्रीमती सुजाता (Riu N.G.O) ने इस संगोष्ठी में भाग लिया तथा छात्राओं को विविध प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रेरित किया।
- दिनांक 27.2.2018 को मेधा N.G.O. की सहायता से महाविद्यालय में प्रेरणात्मक वक्तव्य का आयोजन किया गया। डॉ. विवेक आत्रेय ने जीवन मूल्य एवं आजीविका बोध के प्रति विद्यार्थियों को सचेत किया।
- दिनांक 23.1.2018 से 13.3.2018 तक B.A तथा M.A अन्तिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए मेधा N.G.O की सहायता से 'Career Advancement Book Camp' का आयोजन किया गया जिसमें 63 छात्राओं ने भाग लिया। इस शिविर में छात्राओं को व्यवहार कौशल एवं रोजगार उपलब्धि सम्बंधित विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।
- दिनांक 21.3.2018 को महाविद्यालय में 'Placement Drive' का आयोजन किया गया जिसमें 101 छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर BHARTI AXA, Ujjiwan Small Finance, Shri Ram City, Smart Solutions, Chardi Kalan T.V. Channel and Varitra Foundation ने इस कार्यक्रम में प्रतिभागिता की। इन कम्पनीज के द्वारा 34 छात्राओं का चयन किया गया।

**शैक्षणिक भ्रमण** :–

इस वर्ष हरियाणा सरकार से छात्राओं के शैक्षणिक भ्रमण के लिए 1 लाख रु0 की अनुदान राशि महाविद्यालय को प्राप्त हुई जिससे दिनांक 18 से 21 जनवरी, 2018 को भूगोल विभाग की एम0एस0सी0 अन्तिम वर्ष की सभी छात्राओं द्वारा जयपुर के नीमेरा गाँव का अध्ययन करने हेतु चार दिन के लिए 'शैक्षणिक भ्रमण' किया गया। छात्राओं ने वहां के लोगों का आर्थिक एवं सामाजिक सर्वेक्षण किया। इस भ्रमण के प्रभारी श्री विकास अत्री के साथ–साथ मैडम आशु तथा लैब सहायक पाला राम ने इसमें अपना सक्रिय योगदान दिया।

**महत्वपूर्ण दिवस आयोजन** :–

महाविद्यालय में छात्राओं को भारत की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहर संबंधी जानकारी प्रदान करने तथा उनमें प्रजातांत्रिक, भाषायी, पर्यावरणीय व अन्य विषयों से सबंधित मूल्यों का संचार करने के लिए महत्वपूर्ण दिवस मनाने की परम्परा स्थापित की गई है। इस वर्ष आयोजित महत्वपूर्ण दिवसों का विवरण इस प्रकार है–

- महाविद्यालय में 'स्वतंत्रता दिवस' एवं 'गणतंत्र दिवस' मनाए गया जिसमें प्राध्यापकों एवं छात्राओं ने भाग लेकर स्वतत्रंता संग्राम में आहूति देने वाले वीरों का स्मरण किया तथा राष्ट्रभक्ति के गीत, कविता व भाषणों के माध्यम से देश की उच्च सांस्कृतिक परम्परा को नमन किया।
- दिनांक 5 सितम्बर 2017 को 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर प्राध्यापकों ने छात्राओं को अनेक सुविचारों से लाभान्वित किया।
- दिनांक 14 सितम्बर 2017 को 'हिन्दी दिवस' के सुअवसर पर काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 25 सितम्बर 2017 को 'प्रजातंत्र की जान – मत, मतदाता और मतदान' विषय पर वाद–विवाद, नारा–लेखन व पोस्टर बनाने की प्रतियोगिताएँ आयोजित कर छात्राओं को वोट डालने के लिए जागरुक किया गया।

- दिनांक 24 अक्तूबर 2017 को 'संयुक्त राष्ट्र दिवस' के अवसर पर 'संयुक्त राष्ट्र संघ की सार्थकता' विषय पर छात्राओं को अपने विचार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया गया जिसमें लगभग 60 छात्राओं ने प्रतिभागियों के विचार सुने।
- दिनांक 31 अक्तूबर 2017 को महाविद्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया जिसमें छात्राओं की राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई।
- दिनांक 7 नवम्बर 2017 को 'साक्षरता दिवस' के अवसर पर विभिन्न विभागीय परिषदों द्वारा 'साक्षरता के महत्व' विषय पर भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई।
- दिनांक 12 जनवरी 2018 को विवेकानंद जयंती के अवसर पर 'युवा दिवस' का आयोजन किया गया जिसमें प्राध्यापकों द्वारा छात्राओं को विवेकानंद जी के विचारों एवं दर्शन से अवगत कराया गया।
- दिनांक 8 मार्च 2018 को 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया गया जिसमें छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कराया गया।

**विज्ञान प्रदर्शनी :–**

महाविद्यालय में दिनांक 23 जनवरी, 2018 को भूगोल विभाग, भौतिकी विभाग, रसायन विभाग, मनोविज्ञान विभाग, कंप्यूटर विज्ञान विभाग व गृह विज्ञान विभाग की ओर से विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सभी विभागों की छात्राओं ने इसमें बढ़–चढ़ कर भाग लिया। दिनांक 24 जनवरी, 2018 को सभी विभागों ने जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में भी भाग लिया जिसमें कम्प्यूटर विज्ञान, मनोविज्ञान तथा भौतिकी विभाग की छात्राओं ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करके महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया।

**विषय परिषदें व गतिविधियाँ :–**

महाविद्यालय में सभी विषयों की परिषदें गठित की गई हैं जिनके अन्तर्गत वर्षभर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। इनका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को वैचारिक, रचनात्मक, कलात्मक अभिव्यक्ति के अवसर प्रदान

करना है। संबंधित प्राध्यापकों के संरक्षण में इन परिषदों का संचालन छात्राओं द्वारा सुचारू रूप से किया जाता है।

<u>व्यक्तिगत उपलब्धियाँ</u> :–

महाविद्यालय अपने शिक्षकों के शिक्षण स्तर में सुधार के साथ–साथ प्रशिक्षण, शोध, स्वाध्याय तथा लेखन के लिए उनको निरन्तर अवसर सुलभ करवाता है। सत्र 2017–18 में महाविद्यालय के शिक्षकों ने राष्ट्रीय संगोष्ठी, अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस, ओरिएंटेशन कार्यक्रम एवं short-term ट्रेनिंग इत्यादि में भाग लिया और शोध पत्र प्रस्तुत किए। इनमें से कुछ शिक्षकों की उपलब्धियों का विवरण इस प्रकार है।

- **डॉ0 ज्ञानी देवी Associate Prof. Hindi** की इस सत्र में दो पुस्तकें अनुदानित एवं प्रकाशित हुई हैं जिनमें एक कहानी संग्रह 'तमाशा' हरियाणा साहित्य अकादमी, पंचकूला द्वारा दिए गए 16,000 रूपए के अनुदान से प्रकाशित हुआ तथा इसी कड़ी में उनका काव्य संग्रह 'मुजरिम हाजिर है' भी शामिल है। अभी हाल ही में उनकी एक अन्य पुस्तक 'बौने होते किरदार' भी प्रकाशित हुई है। इसके साथ–साथ इन दोनों पुस्तकों की समीक्षा क्रमशः दैनिक ट्रिब्यून के 25 सितम्बर और 9 अक्तूबर के अंक में छपी है। डॉ0 ज्ञानी देवी को विक्रमशीला विद्यापीठ, भागलपुर (बिहार) ने डी. लिट. की मानद उपाधि से सितम्बर माह में सम्मानित किया। इसके साथ–साथ वी.एच.सी. फाउन्डेशन, घरौन्डा द्वारा दिनांक 14.9.2017 को 'हिन्दी रत्न' सम्मान तथा दिनांक 10.1.2018 को अन्तर्राष्ट्रीय पुस्तक मेले में 'राष्ट्रीय साहित्य सागर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त डॉ. ज्ञानी देवी ने लगभग पाँच वार्ताओं एवं परिचर्चाओं में आल इण्डिया रेडियो रोहतक तथा आकाशवाणी कुरुक्षेत्र में भाग लिया। इसके साथ–साथ उन्होंने हरियाणा ग्रन्थ अकादमी, पंचकूला द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'हिन्दी पर्व' में काव्यपाठ किया और हरियाणा साहित्य अकादमी, पंचकूला द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'सृजन गंगा' में कहानी पाठ किया। उन्होंने दिनांक 4 दिसम्बर, 2017 को गीता जयन्ती महोत्सव में 'गीता में दार्शनिक चेतना' विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया। इसके साथ–साथ उन्हें दिनांक 22.9.2017 को

यूनियन बैंक मॉडल टाऊन, करनाल द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'हिन्दी भाषा का वैश्विक परिदृश्य' में मुख्य अतिथि के रूप में आमन्त्रित किया गया।

- **डॉ0 नवीन बÙारा Associate Prof. Hindi** ने दिनांक 09 नवम्बर, 2017 को जिला निर्वाचन कार्यालय, करनाल द्वारा दयाल सिंह कॉलेज, करनाल में आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में भूमिका निभाई। दिनांक 26 एवं 31 दिसंबर, 2017 को हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा आयोजित HTET की परीक्षा की लेवल 2 एवं लेवल 3 की परीक्षा की उत्तर कुंजी (Answer Key) का विश्लेषण करने में विषय विशेषज्ञ की भूमिका निभाई तथा दिनांक 5 एवं 7 मार्च, 2018 को पुनः हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा उन्हें विभिन्न पदों के लिए होने वाली परीक्षाओं की उत्तर कुंजी (Answer Key) की जाँच एवं विश्लेषण करने के लिए विषय–विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया गया। इसके साथ–साथ दिनांक 20 जनवरी, 2018 को शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय, मटक माजरी, इन्द्री द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में सक्रिय भागेदारी की एवं 'भाषा एवं भारतीयता' विषय पर शोध–पत्र प्रस्तुत किया।
- **डॉ0 बलवान चहल Associate Prof. English** का 'Decay and Distortion in the Family of the Menons in Mourning Becomes Electra' विषय पर एक शोधपत्र अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हुआ। इसके साथ–साथ उन्होंने राजकीय महाविद्यालय, छछरौली द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'Ecofiction and Its Role in Protecting Environment' विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त यूनिवर्सिटी कॉलेज, कुरुक्षेत्र में भी 'क्या सिक्खिजम, हिन्दुइजम का हिस्सा है या एक स्वतंत्र धर्म' विषय पर पत्र–वाचन किया।
- **डॉ0 पूनम बागी Associate Prof. Psychology** का कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के मनोविज्ञान विभाग के U.G. Board की सदस्या के रूप में दो साल तक मनोनयन हुआ। इसके साथ–साथ महिला अध्ययन एवं शोध केन्द्र कु.वि., कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला (दिनांक 13 से

15 सितम्बर, 2017) में भाग लिया जिसका विषय Mainstreaming Gender in Higher Education था तथा उन्होंने दिनांक 18.9.17 से 20.09.17 तक, मनोविज्ञान विभाग पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ व National Association of Psychological Science - India द्वारा आयोजित चतुर्थ अन्तर्राष्ट्रीय व षष्ठ भारतीय मनोविज्ञान कांफ्रेंस में सारगर्भित शोध पत्र प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने दिनांक 11.3.2018 को पं. चि. लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल के इतिहास विभाग द्वारा DGHE Sponsored Multi Disciplinary Theme, Haryana Through The Ages : Continuity and Change विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में "The Relationship Between Drug, Abuse and Parent Child Relationship : A Study in Content of Haryana विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया।

- **डॉ0 अनिता जून Associate Prof. History** ने दिनांक 11.3.18 को पं. चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल में हुए राष्ट्रीय सेमिनार में लघु शोधपत्र प्रस्तुत किया। दिनांक 13.3.2018 को राजकीय महाविद्यालय, बापौली (पानीपत) में "Opportunities for Women in NCC" एवं "Role of NCC in Nation Building" विषयों पर विस्तार व्याख्यान दिया। इसके साथ–साथ दिनांक 16.3.2018 को गुरु नानक कन्या महाविद्यालय, युमनानगर में असिस्टैंट प्रोफेसर इतिहास के पद हेतु साक्षात्कार लेने के लिए विषय विशेषज्ञ के रूप में योगदान दिया। सत्र 2017–18 में उन्हें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के इतिहास विभाग द्वारा Board of Studies (PG Course) का सदस्य मनोनीत किया गया। इसके अतिरिक्त दिनांक 11.2.2018 को C सर्टिफिकेट परीक्षा में Presiding Officer के रूप में भूमिका निभाई।
- **श्रीमती ममता, Assistant Prof. Home Science** का कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के गृह विज्ञान विभाग के U.G Board की सदस्या के रुप में दो वर्षो के लिए मनोनयन हुआ। इसके साथ–साथ उन्होंने हिन्दू गर्ल्स कॉलेज, जगाधरी में दिनांक 2 अक्टूबर, 2017 को असिस्टैंट प्रोफेसर, गृह विज्ञान के पद हेतु हुए साक्षात्कार में विषय विशेषज्ञ की भूमिका निभाई। इसके साथ–साथ दयानन्द महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र में दिनांक 16

अक्टूबर, 2017 को असिस्टैंट प्रोफेसर, गृह विज्ञान के पद हेतु हुए साक्षात्कार में भी विषय विशेषज्ञ की भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त दिनांक 11.3.2018 को पं. चि. लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल में आयोजित इतिहास विषय के सेमिनार Multi : Disciplinary Theme : Haryana Through The Ages" Continuity and Change विषय में भाग लिया व शोधपत्र प्रस्तुत किया। इसके साथ–साथ दिनांक 24 से 25 मार्च, 2018 को आर्य. पी. जी. कॉलेज, पानीपत में अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया और उसमें शोधपत्र प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त दिनांक 28 से 29 मार्च 2018 तक सनातन धर्म महाविद्यालय, पानीपत में Multidisciplinary National Conference on Swami Vivekananda Vision वित Modern India में भाग लिया और शोधपत्र प्रस्तुत किया।

- **श्रीमती सुनीता शर्मा Assistant Prof. English** का अक्तूबर, 2017 में 'Atrocities on Indian Women' विषय पर शोधपत्र अंतर्राष्ट्रीय जर्नल 'International Journal of Economics & Social Sciences' में प्रकाशित हुआ।

- **डॉ0 मीरा Assistant Prof. Music (Vocal)** ने दिनांक 24.8.2017 से 31. 8.2017 तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के Orientation Course में भाग लिया। इसके साथ–साथ दिनांक 19.9.2017 को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में Board of Studies (U.G.) सदस्य के रुप में संगीत विभाग द्वारा आयोजित मीटिंग में भाग लिया तथा दिनांक 22.3.2018 को G.M.N महाविद्यालय, अम्बाला में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधपत्र प्रस्तुत किया।
- **डॉ0 विदुषा Assistant Prof. Sanskrit** ने दिनांक 11.11.2017 को सनातन धर्म महाविद्यालय, अम्बाला छावनी में "सनातन धर्म का पारिभाषिकीकरण–भारतीयता के अभिज्ञान निर्माण की प्रक्रिया" विषय पर आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला में "वेदानुसारी शास्त्रविहित मानवधर्म एवं भारतीयता" विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया तथा दिनांक 22.3.2018 को संस्कृत एवं प्राच्यविद्या संस्थान, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा हरियाणा–संस्कृत–अकादमी प×चकूला के सहयोग से "संस्कृत एवं

प्राच्यविद्याः अपेक्षाएँ एवं सम्भावनाएँ” विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में “प्राच्यविद्या के सन्दर्भों का समयानुरुप संयोजन’ विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया।

- **श्रीमती विन्नी Assistant Prof. Commerce** ने दिनांक 21.11.2017 को राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय पंचकूला में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में ‘GST in India : A Key Tax Reform’ विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया गया तथा दिनांक 30.1.2018 को मुकुन्द लाल राष्ट्रीय महाविद्यालय, रादौर में शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में ‘Good Governance and Business Ethics in Corporate Functional Arears’ विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया गया। इसके साथ–साथ दिनांक 28.2.2018 को डी. ए. वी. पी.जी. कॉलेज, करनाल में शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में ‘Cash to Cashless Economy’ विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया।
- **श्रीमती जीवन ज्योति Assistant Prof. Commerce** ने भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां द्वारा दिनांक 9 दिसम्बर, 2017 से 5 जनवरी, 2018 तक आयोजित Orientation Course में भाग लिया। इसके साथ साथ दिनांक 28.3.2018 को डी.ए.वी पी जी महाविद्यालय, करनाल में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में “Information Technology in Business, Thinking or A Need : A Review” विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया तथा दिनांक 11.3.2018 को पं. चिरंजी लाल शर्मा राजकीय पी.जी. महाविद्यालय, करनाल द्वारा आयोजित एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में “Multi-Level Marketing - History, Global Eminence & Presidium : A Review” विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त दिनांक 23.3.2018 को एस.डी. महाविद्यालय, पानीपत द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में “An Apercu of GST : History, Components, Advantages & IT Strategies in Context with India” विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- **डॉ0 भारती Assistant Prof. Music (I)** HIPA गुरुग्राम द्वारा 5 जून से 9 जून 2017 तक आयोजित “Short Term Training Course” साप्ताहिक कार्यक्रम

में हिस्सा लिया। दिनांक 27.10.2017 को गुरु नानक खालसा कॉलेज, करनाल में अन्तर विद्यालय शब्द गायन प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल के सदस्य की भूमिका निभाई और गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में आयोजित अंतर्विद्यालय शब्द गायन प्रतियोगिता में 1 दिसम्बर 2017 को निर्णायक मण्डल के सदस्य की भूमिका निभाई। इसके साथ–साथ उन्होंने दिनांक 11 मार्च 2018 को पं. चि. लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय करनाल में इतिहास विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया जिसका विषय 'हरियाणा के लोकवाद्यों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि' रहा तथा दिनांक 22 मार्च 2018 को गाँधी मैमोरियल नेशनल कॉलेज, अम्बाला द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में "संगीत एवं सम्प्रेषण" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

***************

# आभार–प्रदर्शन

इस अवसर पर मैं अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं वित्तायुक्त, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा श्रीमती ज्योति अरोड़ा आई0ए0एस0 का तथा महानिदेशक, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा श्री विजय दहिया, आई0ए0एस0, जो महाविद्यालय के विकास कार्यों में निरन्तर सहयोग करते हैं, का हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ। मैं करनाल के उपायुक्त महोदय डॉ0 आदित्य दहिया, आई0ए0एस0 के प्रति भी हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करती हूँ, जो महाविद्यालय की गतिविधियों में सदैव रुचि लेते हैं। जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, PWD (B&R) पब्लिक हैल्थ, बिजली विभाग के सभी अधिकारियों के प्रति भी मैं हृदय से कृतज्ञ हूँ, जो सदैव महाविद्यालय के कार्यों में तत्पर रहते हैं।

मीडिया के सभी बन्धुओं, जो महाविद्यालय की गतिविधियों में रुचि लेकर उन्हें प्रचारित व प्रसारित करते हैं, के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ। इस वार्षिक रिपोर्ट का संकलन डॉ0 नवीन बÙारा एवं डॉ0 विदुषा ने किया है, उनका भी मैं आभार व्यक्त करती हूँ। महाविद्यालय को व्यवस्थित रूप से चलाने में मुझे समस्त स्टॉफ, कर्मचारियों व छात्राओं का सहयोग प्राप्त होता है, मैं इन सभी का भी धन्यवाद करती हूँ। अंत में मैं पुनः आप सबका यहाँ पहुँचने पर हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ।

**जय हिन्द।**

**(श्रीमती कुलविन्द्र कौर)**
**प्राचार्या**
**राजकीय महिला महाविद्यालय**
**करनाल**